दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 36 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | बुधवार, 10 सितंबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## 452 बनाम 300 वोट, 152 मतों से दर्ज की ऐतिहासिक जीत

# सीपी राधाकृष्णन बने देश के 15 वें नए उपराष्ट्रपति

### 98% मतदान, 15 वोट अवैध करार

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन विजयी घोषित हुए। राधाकृष्णन को 452 प्रथम वरीयता वोट मिले, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए। इस तरह राधाकृष्णन ने 152 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पी.सी. मोदी ने शाम को मतगणना पूरी होने के बाद नतीजों की घोषणा की। कुल 781 सांसदों में से 767 (एक डाक मतपत्र समेत) ने मतदान किया था। इनमें से 752 वोट वैध और 15 अवैध घोषित किए गए। इस चुनाव में 98 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार उपराष्ट्रपति पद की जंग दक्षिण भारत के दो नेताओं के बीच रही। यह चुनाव उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के कारण हुआ। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ा था, जबकि उनके कार्यकाल के दो वर्ष शेष थे।

**उपराष्ट्रपति चुनाव**

- कुल मतदाता : 781 सांसद
- मतदान करने वाले : 767
- वैध वोट : 752
- राधाकृष्णन (एनडीए) : 452 वोट
- सुदर्शन रेड्डी (विपक्ष) : 300 वोट
- अंतर : 152 वोट
- मतदान प्रतिशत : 98%



### बीआरएस, बीजेडी और अकाली दल ने नहीं डाला वोट

बीआरएस और बीजेडी ने चुनाव में भाग नहीं लिया, जबकि राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इनकार कर दिया। दो निर्दलीयों ने भी चुनाव में मतदान नहीं किया।

### पीएम मोदी ने किया सबसे पहले मतदान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले मतदान किया। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी समेत 760 से अधिक सांसदों ने अपने मत डाले।




### पिता की संपत्ति के लिए कोर्ट पहुंचे करिश्मा कपूर के बच्चे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली**। अभिनेत्री करिश्मा कपूर के दोनों बच्चों ने अपने दिवंगत पिता संजय कपूर की संपत्ति में हिस्सेदारी के लिए मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया। इस अर्जी पर 10 सितंबर को सुनवाई होने की संभावना है। इसमें संजय कपूर की वसीयत को चुनौती दी गई है। अर्जी में दावा किया गया है कि न तो संजय कपूर ने वसीयत के बारे में उल्लेख किया और न ही उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर या किसी अन्य व्यक्ति ने कभी इसके अस्तित्व के बारे में उल्लेख किया। इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रिया का आचरण यह दर्शाता है कि ''कथित वसीयत बिना किसी संदेह के उनके द्वारा तैयार की गई है।

### गाजा सिटी को पूरी तरह से खाली किया जाए: इजराइल

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव, नौ सितंबर (एपी)** इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में अपने नियोजित विस्तारित सैन्य अभियान से पहले मंगलवार की सुबह गाजा सिटी को पूरी तरह से खाली करने का आग्रह किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने भी मंगलवार को कहा कि गाजा में 30 ऊंची इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन इमारतों का इस्तेमाल हमास सैन्य बुनियादी ढांचे के रूप में कर रहा था। यह विध्वंस हमास के बचे हुए आखिरी गढ़ पर नियंत्रण पाने के लिए इजराइल के बढ़ते आक्रमण का हिस्सा है। इजराइल ने फिलिस्तीनियों से गाजा सिटी के कुछ हिस्सों से भागकर दक्षिणी क्षेत्र में एक निर्धारित मानवीय क्षेत्र में जाने का आग्रह किया है।

### AI कंटेट के इस्तेमाल पर कोर्ट पहुंची ऐश्वर्या राय

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली**। अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से आग्रह किया कि उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा की जाए और ऑनलाइन मंचों को उनके नाम, तस्वीरों और एआई-जनित अश्लील सामग्री का अवैध रूप से उपयोग करने से रोका जाए। न्यायाधीश तेजस करिया ने मौखिक रूप से संकेत दिया कि वह प्रतिवादियों को चेतावनी देते हुए एक अंतरिम आदेश पारित करेंगे। राय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने कहा कि कुछ पूरी तरह से अवास्तविक अंतरंग तस्वीरें इंटरनेट पर प्रसारित की जा रही हैं।

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 15 से 19 जनवरी तक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) का 19वां संस्करण 15 से 19 जनवरी 2026 तक होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार, यह महोत्सव साहित्य, कला, विज्ञान, राजनीति और संस्कृति से जुड़े वैश्विक विचारकों, लेखकों और कलाकारों को एक मंच पर लाएगा। जेएलएफ केवल साहित्यिक महोत्सव नहीं, बल्कि संवाद और विविध दृष्टिकोणों का वैश्विक मंच है। इस बार भी जेएलएफ में म्यूजिक स्टेज, गाला डिनर और राइटर्स बॉल जैसे विशेष आयोजन आकर्षण का केंद्र होंगे। फेस्टिवल के लिए फ्रेंड्स ऑफ फेस्टिवल पैकेज की शुरुआत हो चुकी है।

## राजस्थान विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी बिल पारित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को भारी हंगामे के बीच 'राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025' ध्वनिमत से पारित हो गया। अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए इस विधेयक में कठोर प्रावधान किए गए हैं। इनमें सामूहिक धर्मांतरण पर उम्रकैद, अवैध संस्थाओं पर बुलडोजर कार्रवाई और पुनरावृत्ति पर आजीवन कारावास तक की सजा शामिल है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि यह विधेयक समाज में समरसता बनाए रखने और कमजोर वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संविधान धार्मिक स्वतंत्रता देता है, लेकिन छल, प्रलोभन या बलपूर्वक धर्मांतरण इसका हिस्सा नहीं है।



**बिल के प्रमुख प्रावधान**

- **जबरन धर्मांतरण:** छल, प्रलोभन या बल से धर्म परिवर्तन पर 7 से 14 साल की कैद और न्यूनतम 5 लाख रुपए जुर्माना।
- कमजोर वर्ग (नाबालिग, महिला, SC/ST, दिव्यांग) : 10 से 20 साल की कैद और 10 लाख रुपए जुर्माना।
- **सामूहिक धर्मांतरण:** 20 साल से उम्रकैद और 25 लाख रुपए जुर्माना। प्रयुक्त संपत्ति जब्त होगी और अतिक्रमण की स्थिति में बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।

### सभी अपराध होंगे गैर-जमानती

बिल के अनुसार धर्मांतरण से जुड़े सभी अपराध गैर-जमानती और संज्ञेय होंगे। इन मामलों की सुनवाई सेशन कोर्ट में होगी। मंत्री बेढ़म ने बताया कि अलवर और बांसवाड़ा जैसे जिलों में जबरन धर्मांतरण के मामलों में त्वरित कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय अस्मिता के लिए खतरा है और इसे रोकना सरकार की प्राथमिकता है। बता दें कि प्रदेश में 2008 में भी धर्मांतरण विरोधी कानून लाया गया था, लेकिन वर्तमान विधेयक में प्रावधान और अधिक कठोर किए गए हैं।

## लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद, कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 की मौत

बढ़ता राजस्थान

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। लद्दाख के सियाचिन में सेना के बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे।

उत्तर दिल्ली के पंजाबी बस्ती इलाके में सोमवार देर रात 4 मंजिला इमारत अचानक ढह गई। घटना के समय इमारत खाली थी, लेकिन कुछ वाहन मलबे में दब गए।

गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था।



रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है। राजस्थान में इस मानसून सीजन राज्य के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा बारिश 693.1mm हुई है। 108 साल पहले 1917 में 844.2mm बारिश दर्ज हुई थी। अब तक राज्य के 63% बांध फुल हो चुके हैं।

## नेपाल हिंसा- पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत

### PM ओली का इस्तीफा, संसद भवन में घुसे प्रदर्शनकारी, सुरक्षाबलों के हथियार लूटे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली**। नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों से हालात बिगड़ गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद, पीएम, राष्ट्रपति के निजी आवास में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनके हथियार छीन लिए। उन्होंने 3 पूर्व पीएम के घर पर हमला भी किया। पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। इसमें उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उधर, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। देश में जारी हिंसक हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलिकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया। राजधानी काठमांडू और आसपास



के इलाकों में झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड का घर जला दिया है। इससे पहले उन्होंने दो और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर दोउबा और झालानाथ खनाल का घर भी जला दिया था। नेपाली सेना ने कहा कि मुश्किल समय का फायदा उठाकर कुछ लोग आम लोगों और सरकारी चीजों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। लूटपाट और आग लगाने जैसी हरकतें हो रही हैं। सेना ने फिर अपील की है कि ऐसी गतिविधियां बंद करें।सेना ने चेतावनी दी कि अगर ये हरकतें नहीं रुकीं, तो सेना और बाकी सुरक्षा टीमें नेपाल और लोगों की हिफाजत के लिए रात 10 बजे से हालात काबू करने के लिए देश का कंट्रोल अपने हाथ में ले लेगी।



## सम्पादकीय

# जटिल कर प्रणाली से मिली मुक्ति, बदलावों से करोड़ों लोग लाभान्वित होंगे

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इनकम टैक्स में नए साहसिक सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, बल्कि देश विकसित भारत की राह पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा कि नए कर सुधारों से इसी वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसी तरह दुनिया के विभिन्न आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्ट में भी जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए सुधारों से भारत के तेज गति से विकास की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद ने चार टैक्स स्लैब 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत में बदलाव करते हुए 5 और 18 प्रतिशत स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को मंजूरी दी है। हालांकि अहितकर वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली कुछ वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लागू होगा। जीएसटी में हुए सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। पहला, संरचनात्मक सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दूसरा, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों। तीसरा, नए रजिस्ट्रेशन और रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है। कारोबारी अब सिर्फ तीन दिन में जीएसटी पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्हें सात दिनों में रिफंड देने की व्यवस्था होगी। कच्चे माल और तैयार माल की दरों में भिन्नता होने के कारण इनपुट टैक्स रिटर्न में होने वाली दिक्कतों को भी समाप्त कर दिया गया है। जीएसटी दरों में नए बदलाव से वर्तमान में 12 प्रतिशत जीएसटी वाली लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं अब पांच प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी। जबकि 28 प्रतिशत टैक्स वाली लगभग 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी। नए बदलाव से आम आदमी से लेकर किसान और छोटे उद्योगों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। इससे घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्य वर्ग उत्पादों की खरीद पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 47,000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद इससे बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। आम आदमी एवं मध्यवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी। बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक में मांग बढ़ती हुई दिखाई देगी। अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब दो लाख करोड़ रुपये की खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग एवं उत्पादन बढने से जीडीपी में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। वैश्विक स्तर पर भारत की ईज आफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग भी सुधरेगी। जीएसटी के दो स्लैब बनने से इसके कार्यान्वयन और लेखांकन की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। केंद्र सरकार जीएसटी में बदलाव से साथ-साथ इनकम टैक्स को भी आसान और राहतकारी बनाने के लिए तेजी से आगे बढ़ी है। इनकम टैक्स बिल, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून बन गया है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 10 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1823 - साइमन बोलिवर पेरु के राष्ट्रपति बने।
- 1846 - एलियस होवे ने सिलाई मशीन का पेटेंट कराया।
- 1847 - हवाई द्वीप में पहला थियेटर खुला।
- 1914 - फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध समाप्त।
- 1939 - कनाडा ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- 1966 - संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी।
- 1974 - अफ्रीकी देश गिनी ने पुर्तग़ाल से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1976 - इंडियन एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान का लाहौर से अपहरण हुआ।
- 1996 - संयुक्त राष्ट्र आम सभा में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि 3 के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों द्वारा संधि का विरोध।
- 1998 - येवगेनी प्रीमाकोव को रूस का नया प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया, दक्षिण कोरिया और आस्ट्रेलिया परमाणु अप्रसार की दिशा में समन्वित प्रयास करने पर सहमत।
- 1926 - जर्मनी ने 'लीग ऑफ नेशंस' की सदस्यता ली।
- 2002 - यूरोपीय देश स्विट्जरलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना।
- 2003 - विश्व व्यापार संगठन की पांचवी मंत्रिस्तरीय बैठक कानकुन में प्रारम्भ।
- 2007 - नाटकीय घटनाक्रम के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ को स्वदेश लौटने के बाद पुन: जेद्दा निर्वासित किया गया।
- 2008 - सर्वोच्च न्यायालय ने उपहार अग्निकांड मामले में दोषी ठहराये गए अंसल बंधुओं की जमानत रद्द की।
- 2009 - जेट एयरवेज़ प्रबंधन और उसके पायलट व्यापक समझौते पर राजी हुए।
- 2011- भारत-अमेरिका रणनीतिक सहयोग को 21वीं सदी के लिए महत्वपूर्ण और अपरिहार्य बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा है कि दोनों देशों के बीच गहरे और व्यापक संबंध हैं, जिनका उद्देश्य एशिया और दुनिया में शांति और समृद्धि क़ायम करना है।
- 2016- रियो पैरा ओलंपिक में मरियप्पन थंगावेलु ने स्वर्ण पदक और वरुण भाटी ने कांस्य पदक जीता।

## विशेष आलेख

# श्राद्ध पक्ष : पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं आस्था समर्पित करने का महापर्व



राकेश शर्मा



पितृपक्ष 2025 की शुरुआत हो चुकी है। हिंदू धर्म में श्राद्ध 2025 का बेहद खास महत्व माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन 15 दिनों में पितर धरती पर अपने वंशजों को आशीर्वाद देने आते हैं। अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए लोग उनका श्राद्ध, तर्पण आदि करते हैं।

**सनातन धर्म में पितृपक्ष का खास महत्व :** मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, सवाई माधोपुर के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि जो संतान पूरी श्रद्धा और विधि-विधान से पितरों का स्मरण करती है उनके घर में सुख-समृद्धि, संतान वृद्धि और सौभाग्य बना रहता है। वहीं इसके विपरीत जो लोग श्राद्ध में बताए गए नियमों की अनदेखी करके कुछ गलतियां कर बैठते हैं तो उनके पितर उनसे नाराज भी हो सकते हैं। जब पूर्वजों की आत्माएं तृप्त नहीं होती, तो ये आत्माएं पृथ्वीलोक में रहने वाले अपने वंश के लोगों को कष्ट देती हैं, जिसे शास्त्रों में पितृदोष कहा जाता है। ऐसे में पितरों की आत्मा की शांति लिए यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर वो कौन सी गलतियां हैं, जिन्हें श्राद्ध के दौरान करने से बचना चाहिए।

पितृ पक्ष के दौरान ना करें ये गलतियां
- पितरों का तर्पण न करना
पितृ पक्ष में पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध या पिंडदान करना जरूरी माना गया है। इसे नजरअंदाज करना या अनुष्ठान में लापरवाही बरतना पितरों का अपमान माना जाता है। ऐसी गलती ना करें।

**- गलत समय पर श्राद्ध करना :** प्रत्येक तिथि विशिष्ट पितरों के लिए निर्धारित होती है। गलत तिथि या समय पर श्राद्ध करने से इसका प्रभाव कम हो सकता है। सही तिथि और समय पर अपने पितरों का श्राद्ध करें।

**शुद्धता का ध्यान न रखना :** श्राद्ध के दौरान शारीरिक और मानसिक शुद्धता बहुत जरूरी है। बिना स्नान किए या अशुद्ध मन से श्राद्ध करना उचित नहीं है। ऐसी गलती ना करें।

**इन चीजों को खाने की होती है मनाही :** ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री का कहना है कि हिंदू धर्म में पितृ पक्ष के 16 दिन खास होते हैं। भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से लेकर आश्विन महीने की अमावस्या तक पितृ पक्ष होता है। इन 16 दिनों में हिंदू पितरों के लिए श्राद्ध तर्पण करते हैं और पिंड दान के जरिए ना केवल उन्हें मुक्ति दिलाते हैं बल्कि पितरों की तृप्ति से आशीर्वाद भी मिलता है। पितृ पक्ष में पितरों को कई सारी चीजें खाने के लिए ऑफर की जाती। लेकिन इन दिनों केवल पितरों को तर्पण ही नहीं दिया जाता बल्कि कई सारी चीजों को खाने-पीने की मनाही भी होती है।

**सात्विक भोजन करना है जरूरी :** आचार्य ताराचंद शास्त्री कहना है कि पितरों का श्राद्ध कर्म करने के साथ ही मन का शुद्ध होना भी जरूरी है। इसलिए सात्विक भोजन खाने और तामसिक और राजसिक भोजन को ना खाने पर जोर दिया जाता है। इस तरह के खाने से मानसिक शांति नहीं मिलती है और मेंटल पीस डिस्टर्ब होता है। जिससे मन आध्यात्म और पूजा में नहीं लगता। इसलिए सात्विक भोजन को खाने की इजाजात दी जाती है। जिससे कि आसानी से खाना डाइजेस्ट हो और मन शुद्ध बना रहे।

**पितृ पक्ष में कौन से भोजन नहीं खाने चाहिए :** पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि पितृ पक्ष के दौरान जो लोग पितरों की पूजा करते हैं। उन्हें सफेद चन, काला चना, मसूर की दाल, काली उड़द दाल, काले सरसों के दाने, जीरा, काला नमक को खाने से मना किया गया है। साथ चावल, गेंहू और चने का सत्तू भी पितृ पूजन के दौरान नहीं खाना चाहिए।

**इन सब्जियों को खाना है मना :** इसके अलावा कुछ खास तरह की सब्जियों को खाना भी पितृ पक्ष में अच्छा नहीं माना जाता। इसमे बैंगन, करेला, खीरा, लहसुन और प्याज शामिल हैं। इन सबको तामसिक भोजन माना गया है। अरबी, मूली, आलू को भी पितृ पूजन के दौरान खाना मना किया गया है।

**नहीं खरीदनी चाहिए नई चीजें :** ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री का कहना है कि पितृपक्ष के 15 दिन पितरों को समर्पित माने गए हैं। यह समय भोग-विलास या नए कार्यों के लिए नहीं बल्कि पितरों के प्रति कृतज्ञता, तर्पण और दान के लिए होता है। माना जाता है कि इस दौरान किए गए नए कार्यों का फल पितरों को समर्पित हो जाता है। इस अवधि में वातावरण में श्राद्ध संस्कार, तर्पण और प्रेतात्माओं की स्मृति से जुड़ी ऊर्जा मानी जाती है। पितृपक्ष में खरीदे गए वस्त्र, आभूषण, भूमि या गृह निर्माण कार्य का फल स्थायी नहीं होता, या कार्य में बाधा आती है। पितृपक्ष में हर कार्य पितरों की तृप्ति के लिए माना जाता है इसलिए इस समय भोग-विलास, उत्सव और नये आरंभ से जुड़े कार्य वर्जित कहे गए हैं। हालांकि, दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को देखते हुए कुछ वस्तुएं खरीदी जा सकती हैं।

**5 चीजें नहीं खरीदना चाहिए**

**नए कपड़े**

पितृ पक्ष में नए वस्त्र, खासकर रंग-बिरंगे या फैशनेबल कपड़े खरीदने से बचें। यह समय सादगी और पितरों के श्रद्धा के लिए होता है।

गहने और आभूषण

सोना, चांदी, हीरे या अन्य कीमती आभूषणों की खरीदारी इस दौरान वर्जित मानी गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह सभी चीजें शुभ मानी गई है और पितृ पक्ष शुभ कार्यों के लिए उपयुक्त समय नहीं माना जाता है।

**नया वाहन :** कार, बाइक या अन्य वाहनों की खरीदारी पितृ पक्ष में नहीं करनी चाहिए। यह शुभ कार्यों के लिए अनुचित समय है।

**लग्जरी से जुड़ी वस्तुएं :** महंगे गैजेट्स, सजावटी सामान या ऐसी चीजें जो लग्जरी दर्शाती हों, इस दौरान नहीं खरीदनी चाहिए।

**नया घर या जमीन :** पितृ पक्ष के दौरान नई प्रॉपर्टी, मकान या जमीन की खरीदारी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह समय शुभ कार्यों के लिए अनलकी हैं।

# भारत की समृद्धि और संप्रभुता का नया मील का पत्थर

### उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन की ऐतिहासिक जीत



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति चुनाव में भारी जीत हासिल की है। उन्होंने बी सुदर्शन रेड्डी को मात देकर जीत हासिल की। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 781 में से 767 मत पड़े।*

सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति चुनाव में भारी जीत हासिल की है। उन्होंने बी सुदर्शन रेड्डी को मात देकर जीत हासिल की। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 781 में से 767 मत पड़े। ह्ष्ठ्र उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले। उन्हें भारत का उपराष्ट्रपति चुना गया है। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के 300 वोट मिले । भारत के लोकतंत्र में उच्च संवैधानिक पदों की भूमिका केवल निर्णय लेने की प्रक्रिया तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे राष्ट्रीय मूल्यों, दिशा और समाज की आकांक्षाओं को भी प्रतिबिंबित करते हैं। उपराष्ट्रपति पद पर सी.पी. राधाकृष्णन का निर्वाचित होना भारतीय लोकतंत्र में सुशासन, संवाद और समावेशिता के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। राधाकृष्णन का जीवन संघर्ष, सेवा और सिद्धांतों की मिसाल रहा है—उन्होंने तमिलनाडु के एक साधारण परिवार से निकलकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में उन्नति की और दो बार कोयंबटूर से लोकसभा सांसद बनने के साथ-साथ झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों की राज्यपाल की जिम्मेदारी भी निभाई। उनके सार्वजनिक जीवन की चार दशकों से अधिक लंबी यात्रा में प्रशासनिक संयम, संवैधानिक नियमों की गहरी समझ, और शासन में पारदर्शिता तथा समावेशिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का इतिहास रहा है। गरीबी, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर उनकी सक्रिय भागीदारी ने उनकी छवि एक पारदर्शी, दूरदृष्टा और निष्पक्ष जनप्रतिनिधि की बना दी है। समाज के हर वर्ग की सेवा, लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा, और न्यायपूर्ण, जवाबदेह और समावेशी नेतृत्व भारतीय समाज की मौजूदा आकांक्षाएं हैं, जिन्हें राधाकृष्णन के नेतृत्व में नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। उनके नेतृत्व में संसद में संवाद, नीति निर्माण और कानून व्यवस्था में प्रेरक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। विशेष रूप से ग्रामीण, वंचित, अल्पसंख्यक, महिला और युवा सशक्तिकरण को प्राथमिकता देना, सभी वर्गों के न्याय और क्षेत्रीय संतुलन को बढ़ावा देना, और संसद के संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना ऐसे पहलू हैं जिनसे देश की लोकतांत्रिक संस्कृति को मजबूती मिलेगी।

### अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान मुंबई के एलुमनाई

प्रबंधन और पब्लिक पॉलिसी विशेषज्ञ डॉ. नयन प्रकाश गांधी सहित अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि राधाकृष्णन का समावेशी दृष्टिकोण, प्रशासनिक दक्षता और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखती है। कुल मिलाकर, उनका उपराष्ट्रपति पद पर चुना जाना न केवल भारत की समृद्धि, संप्रभुता और लोकतांत्रिक आदर्शों का मील का पत्थर है, बल्कि आने वाले वर्षो में संसद और समाज को सुशासन, संवाद, समावेशिता और संवैधानिक उत्तरदायित्व के एक मजबूत मार्ग पर अग्रसर करने का विश्वास भी जगाता है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**नीतीश राज शर्मा (शिक्षक केंद्रीय विद्यालय)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत हैं नीतीश राज शर्मा स्/श श्री ऋषि राज शर्मा जोकि इस समय अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में पदस्थापित हैं । 21 जनवरी सन 1990 गाँव मुगलपुर , तहसील बानसूर में जन्मे नीतीश शुरू से ही होनहार हैं। पिताजी भारतीय सेना से रिटायर्ड हुए इसलिये शिक्षा दिक्षा केवी से ही हुई। केंद्रीय विद्यायल नम्बर 1 मोती डूंगरी से स्कूली शिक्षा हुई । बीएसटीसी- 2009-11 (डाइट अलवर)बीए- 2008-11 आट्र्स कॉलेज अलवर स्नातकोत्तर 2011-13 दिल्ली विश्वविद्यालय (एम.ए. अर्थशास्त्र)एम.ए. इतिहास (नेट)2014- राजस्थान में तृतीय श्रेणी अध्यापक पद पर चयन , परंतु केंद्रीय विद्यालय संगठन में बचपन से जुड़ाव के कारण वहाँ से केंद्रीय विद्यालय को अपना कार्यक्षेत्र चुना । 2015- केंद्रीय विद्यालय संगठन में प्राथमिक शिक्षक के रूप में चयन , 2023 से प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के रूप में गुजरात पदस्थापित वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में पदस्थापित ।शिक्षक के रूप में अभी तक , हैदराबाद (तेलंगाना) , बाड़मेर , अलवर , हिम्मतनगर (गुजरात) उद्देश्य : छात्रों में राष्ट्रहित व राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का जागृत करना , भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने की और ले जाना , जिसका सर्वोत्तम साधन शिक्षा और भारतीय युवा है । अन्य गतिविधियों से भी जुड़ाव बना रहा?

**स्काउटिंग-** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हैं नीतीश जी।

**खेल-** हॉकी में राष्ट्रीय खेल चुके हैं। क्रिकेट में राष्ट्रीय खेल चुके हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भी जुड़ाव रहा है। टीम बढ़ता राजस्थान इस युवा उत्साही शिक्षाविद के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। **-रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# जानें, लो बीपी में क्या खाना चाहिये

नार्मल ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। थोड़ा बहुत ऊपर-नीचे होने से कोई फर्क नही पड़ता, लेकिन ऊपर 90 से कम हो जाए तो उसे लो ब्लड प्रेशर, निम्न रक्तचाप कहते हैं। जबकि लो ब्लड प्रेशर में शरीर में ब्लड का दबाव कम होने से आवश्यक अंगों तक पूरा ब्लड नही पहुंच पाता जिससे उनके कार्यो में बाधा पहुंचती है लो ब्लड प्रेशर को सामान्य बनाये रखने में चुकंदर का जूस काफी कारगर होता है।

रोजाना 100 - 100 एमएल. जूस सुबह - शाम पीना चाहिए। मल्टी विटामिन सप्पलीमेंट, विटामिन बी सप्पलीमेंट, विटामिन सी और प्रोटीन लेना चाहिये।

### जब ब्लडप्रेशर लो है तो क्या करें-

- तुरंत ही बैठ या लेट जाएं, अपनी मु_ियों को खेले और बंद करें, लंबी सांस अनंद बाहर खींचे।
- चीनी, नमक तथा नींबू का शर्बत पिएं। 3. पैरों के नीचे दो तकिए लगाकर लेटें। ब्लड प्रेशर अगर कम होता है तो रोगी तो तुरंत नीचे बताए हुए आहार खाने चाहिये।
- सेहत के लिये ज्यादा नमक खाना खतरनाक होता है। गर्मियों में हाइपरटेंशन गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण हो सकता है। इससे आपके हृदय और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकता है। कम रक्तचाप का इलाज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने आहार में नमक का सेवन बढ़ाएं।

इससे हफ्ते भर में ब्लड प्रेशर बिल्कुल सामान्य हो जाएगा। नमक का सेवन बढा दीजिये और खूब तरल पदार्थ पीजिये क्योंकि यही आपका जीवन बना सकता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली में सुधार लाना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली में सुधार लाना होगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आप परिवार में किसी सदस्यों की बात को लेकर परेशान रहेंगे। नौकरी में बदलाव की आप योजना बना सकते हैं।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आपको जरूरत के हिसाब से काम करना बेहतर रहेगा। काम को लेकर कुछ नई समस्याएं सामने आएंगी।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी नन्हे मेहमान का आगमन हो सकता है। आपका धन यदि कहीं डूबा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए कामों में सफलता लेकर आने वाला है, लेकिन शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि वह किसी गलत जगह इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आपकी किसी नए वाहन खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है और आर्थिक दृष्टिकोण से भी दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपने बिजनेस को लेकर यदि कुछ परेशान चल रहे थे, तो काफी वह समस्या भी दूर होगी।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए अच्छी सफलता लेकर आने वाला है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखनी होगी। आप अपने बॉस की बातों से काफी खुश रहेंगे।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा और आपको यदि कोई शारीरिक समस्या थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आप अपने कामों को लेकर पूरी सजगता दिखाएंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा और भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से नई पहचान मिलेगी।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको आय को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देना होगा और वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा। आपको अपने कामों में तालमेल बनकर चलना होगा।

## प्रवासी मालपुरा परिवारों का जयपुर में मिलन समारोह आयोजित होगा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा से निकले करीब दो सौ परिवारों को एक मंच पर लाने के लिए भव्य मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में मंगलवार को प्रवासी मालपुरा वासियों की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रवासी मालपुरा क्लब के गठन की भी घोषणा की गई। क्लब की सदस्यता प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बैठक में डॉ. संजीव चौधरी ने इस मौके पर कहा कि मालपुरा के लोगों को जयपुर में जोडऩे का यह प्रयास अनूठा और प्रेरणादायी है। इससे हमारी नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलेगी। लक्ष्मण धनजानी ने कहा कि आज के समय में ऐसे संगठनों की बेहद जरूरत है, जो न केवल भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाएं बल्कि समाज को आर्थिक व सामाजिक मजबूती भी दें। संयोजक मुकेश दाधीच ने बताया कि क्लब का गठन कर जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। इस हेल्पलाइन के जरिये जयपुर में किसी भी प्रवासी मालपुरा निवासी को कामकाज, परेशानी या आपात स्थिति में तुरंत सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में प्रवासी मालपुरा वासियों का शीघ्र मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## निकली श्रीजी की पालकी शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा सकल सरावगी जैन समाज के तत्वावधान में मंगलवार को श्रीजी की भव्य पालकी शोभा यात्रा निकाली गई। सरावगी मोहल्ला स्थित दिगंबर जैन मंदिर चौधरिया से बैंडबाजो के साथ शोभा यात्रा शुरू हुई। यात्रा शहर के मुख्य बाजारों से होकर पुरानी तहसील से घाटी रोड स्थित जैन नसिया पहुंची। यहां जैन श्रद्धालुओं ने विधान पूजन कालशाभिषेक किया। साथ ही दोपहर में महिलाओं ओर बच्चों की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाकर विजेताओं को सम्मानित किया। शाम के समय महाआरती के बाद श्रीजी की पालकी यात्रा वापस रवाना होकर आरंभ के स्थान मंदिर चौधरियों पहुंची। इसमें सरावगी जैन समाज के सभी समाजबंधुओं ने भाग लिया।

## जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** मंगलवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में जिला बाल पीडि़त प्रतिकर सहायता समिति के पदेन सदस्यगण के साथ जरिये वीसी ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया। आयोजित ऑनलाइन मीटिंग में संजय शर्मा अतिरिक्त जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर, श्वेता गर्ग अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, रामस्वरूप सब इंस्पेक्टर विशेष महिला अपराध अनुसंधान इकाई सवाई माधोपुर उपस्थित रहे। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा मीटिंग से जुड़े सदस्यों को लंबित बाल पीडि़तों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में विचार-विमर्श किया गया, साथ ही वर्ष 2019 से 2025 तक के बाल पीडि़तों के मामलों के संबंध में दर्ज कराई गई एफआईआर में पात्र बाल पीडि़तों को प्रतिकर दिलाए जाने के संबंध में अनुशंसा कर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भिजवाए जाने हेतु निर्देशित किया। सचिव समीक्षा गौतम ने मीटिंग से जुड़े सदस्यों को बालश्रम, पोक्सो एक्ट एवं बाल अपराधों के संबंध में वर्तमान में दर्ज की जाने वाली एफआईआर की एक प्रति तथा प्रकरणों में पीडित अथवा उसके आश्रित की ओर से आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में अविलम्ब आवेदन मय दस्तावेज कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए।

## शहर चलो अभियान के तहत प्री कैंप का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा राज्य के समस्त नगर निकायो मे 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान चलाया जाएगा। इसी को लेकर मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्बोरी में वार्ड 15, 16 तथा 18 के लिए प्री कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में अतिक्रमण एवं रोड से संबंधित 2 आवेदन, रोड लाईट के 14, पट्टों के 4, जन्म-मृत्यु एवं विवाह से संबंधित 7, साफ-सफाई के 8, बन्दरों को पकडने के 1, प्रधानमंत्री आवास योजना के 3, निर्माण शाखा के 10, भूमि शाखा के 3, खाद्य सुरक्षा के 12, एवं मुख्यमंत्री स्व निधि योजना के 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे से अभियान में ही पट्टा नाम हस्तांतरण के 1 तथा पट्टा उप-विभाजन के 3 आवेदनों का निस्तारण शिविर में ही किया गया। आयुक्त ने बताया कि विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार शहर चलो अभियान में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट एवं नई लाईट लगाना, ब्लैक स्पोट, सही करवाना, शौचालयों की साफ-सफाई एवं रिपेरिंग, विभिन्न प्रकार के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन एवं नाम हस्तान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृति, एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर लाईसेन्स, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन तथा मुख्यमंत्री स्वनिधि के योजना के आवेदन, पीएम आवास योजना के आवेदन इत्यादि को लेकर कैंप में कार्य किए जाएंगे।

## बिजली बंद रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में जीएसएस पर मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को 2 घंटे बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता लक्ष्मी अग्रवाल ने बताया कि 132 केवी जीएसएस चैनपुरा पर मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को 33 केवी करेडा फीडर की सुबह 8 से साढे 9 बजे तक एवं सुरिया फीडर की साढे 9 से 11 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### खेतों में जाकर किसानों को ऑनलाइन गिरदावरी अपडेशन का अभ्यास कराया

# कलक्टर ने जलभराव के स्थाई समाधान के लिए ग्रामीणों से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिले के अतिवृष्टि और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रशासन ने विशेष कवायद के तहत पीडि़त ग्रामीणों से संवाद शुरू किया है। इस क्रम में जिला कलक्टर काना राम ने मंगलवार को सूरवाल बांध के निचले इलाकों में बसे चकेरी सहित अन्य गांवों और इससे जुड़े जलभराव वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। कलक्टर ने प्राकृतिक आपदा के दौरान मकान, जनधन, पशुओं की हानि, चारे सहित अन्य नुकसान का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। जिला कलक्टर ने चकेरी स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में ग्रामीणों से जलभराव के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अतिवृष्टि से हुए नुकसान पर भी विस्तार से जानकारी ली और उसके स्थाई समाधान के बारे में विमर्श किया। ग्रामीणों से गांव में जलभराव की समस्या से निजात के लिए गंभीर नदी एवं लटिया नाले के पानी को डाईवर्ट करवाने की मांग की। उन्होंने चकेरी रेलवे स्टेशन के पास एवं और पढ़ाना मार्ग पर रपट बनवाने का सुझाव दिया। कलक्टर से चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने मवेशियों के लिए चारे-पानी की कमी की स्थिति के बारे में बताया. इस पर कलक्टर ने पशुपालन विभाग को स्थानीय लोगों की आवश्यकता के अनुसार पशु- चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के जर्जर भवन के लिए समुचित वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था का सुरक्षित प्रबंधन हो सके।



### जिले में खरीफ-2025 फसल की ऑनलाइन गिरदावरी जारी

जिला कलक्टर काना राम ने मंगलवार को सवाई माधोपुर पंचायत समिति के ग्राम दोंदरी, धनौली, मैनपुरा, गोगोर, सेलू, जडावता, बाडोलास, चकेरी सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ऑनलाइन गिरदावरी के बारे में वस्तुस्थिति का मौके पर निरीक्षण किया। कलक्टर ने किसानों से आग्रह किया कि सभी किसान खरीफ-2025 की गिरदावरी में आगे बढक़र भाग लें, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो और कृषि से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के उन्हें मिल सके। गौरतलब है कि खरीफ-2025 की फसल की ऑनलाइन गिरदावरी जिले में जारी है। किसानों को जागरूक करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर ने खेतों का दौरा किया !उन्होंने तहसीलदार, हलका पटवारियों सहित अन्य अधिकारियों को शत-प्रतिशत गिरदावरी करने के निर्देश भी दिए।

### किसान गिरदावरी मोबाइल एप

जिला कलक्टर ने किसानों को बताया कि किसान गिरदावरी मोबाइल एप के माध्यम से वे स्वयं अपनी फसल का विवरण दर्ज कर सकते हैं।

### कृषि पर्यवेक्षक को चार्जशीट देने के निर्देश

जिला कलक्टर ने ग्राम दोंदरी में गिरदावरी की प्रगति कम होने और प्राइवेट खसरो की खराब रिपोर्ट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक को चार्जशीट देने के निर्देश दिए। साथ ही, सरपंच एवं ग्रामीणों से अपील की कि शिक्षित युवाओं की मदद से पूरे गांव की गिरदावरी कराई जाए। ग्राम सैलू में मौके पर ही अमरूद की फसल खराब होने की रिपोर्ट करवाई गई। इस दौरान एसडीएम दामोदर सिंह, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा, तहसीलदार नीरू सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेल को खेल की भावना से खेलें:सरोज बंसल

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** जिला प्रमुख सरोज बसंल ने मंगलवार को 69 वी जिला स्तरीय छात्रा (17 एवं 19 वर्षीय) फुटबाल प्रतियोगिता का फुटबाल के शॉट मार करके शुभारम्भ किया।

जिला प्रमुख सरोज बसंल ने मुख्य अतिथि के पद से संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले, खेल में जीत और हार एक सिक्के के दो पहलू है तथा खिलाडी हार से मायूस नहीं होना चाहिए हार के कारणों को देखना चाहिए कि हम किन कारणों से हारे उन कमियों को दुरस्त कर अगली बार जीतने का प्रयास करना चाहिऐ। उन्होंने कहा कि खेलने से व्यक्ति स्वस्थ और फीट रहता है तथा शारारिक व्यायाम भी हो जाता है। जिला प्रमुख सरोज बसंल ने प्रतियोगिता के शानदार आयोजन के लिए विद्यालय परिवार तथा रूपवास के ग्रामीणों को बधाई दी। इसके बाद जिला प्रमुख सरोज बसंल ने सभी टीमों से परिचय किया ।खेल मैदान में उद्घाटन मैच बनस्थली विद्यापीठ बनस्थली(निवाई) एवं डीएल पब्लिक स्कूल सोप के मध्य हुआ।

कार्यक्रम में नन्दकिशोर मीना प्रधानाचार्य राउमावि रूपवास द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि 69 वी जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोंगिता में 17 वर्षीय छात्राओं की 10 टीमों एवं 19 वर्षीय छात्राओं की 8 टीमें भाग ले रही हैं ।प सभी मैच नाकआउट खेले जावेगें। सभी खिलाडियों की भोजन की व्यवस्था रूपवास के ग्रामीणों द्वारा की गयी है। कार्यक्रम का मंच संचालन ऋषिकेश मीना अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपवास ने किया ।

## बच्चों को स्कूल बैग किए वितरित, बैग मिले तो विद्यार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** ए आर फाउंडेशन के सौजन्य तथा रोटरी क्लब टोंक एवं इनर व्हील क्लब टोंक के सहयोग से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छावनी के विद्यार्थियों को स्मंगलवार को स्कूल बैग का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं डिस्ट्रिक्ट चार्टर डे सेलिब्रेशन कमिटी के वाईस चेयरमैन रोटेरियन बी एम गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब टोंक के अध्यक्ष रोटेरियन यूसुफ एजाजी, इनर व्हील क्लब टोंक की अध्यक्षा श्रीमती श्वेता सिंहल, ए आर फाउंडेशन के प्रतिनिधि जे एम खान, शिक्षा विभाग की अधिकारी श्रीमती कुसुम विजय, कालूराम गुर्जर, होम गार्ड के डिप्टी कमांडेंट राम किशोर तथा अन्य अतिथियों ने बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात माल्यार्पण करके अतिथियों का स्वागत किया गया। ए आर फाउंडेशन के गठन और उद्देश्यों पर जे एम खान ने प्रकाश डाला। तत्पश्चात अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरण किया। स्कूल बैग मिलने की खुशी बच्चों के चेहरे पर स्पष्ट झलक रही थी। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब से सचिव स्नेहा बंब, सदस्य अंजू कक्कड़, सुनीता वर्मा, ऊषा जैन, ममता गर्ग, रिजवाना, बीना जैन, मंजू गर्ग, मोनू जैन, पुष्पा मीना, गीता, अल्पना जोनवाल, सुशीला गुप्ता, नीतू सिंहल, रोटरी क्लब टोंक के सचिव के आर खान, अशोक कक्कड़, बी एल वर्मा, कलीम अहमद, एडवोकेट प्रेम चंद जैन, जाने माने शिक्षाविद् महबूब उस्मानी, पूर्व शिक्षा अधिकारी मुमताज उस्मानी, स्कूल व्याख्याता श्री नज़ीर मकसूद, पार्षद शब्बीर भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जाने माने व्यवसाई बृज मोहन बंसल और पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर, सेल्स टैक्स विभाग पी एल मीणा को रोटरी की पिन लगाकर रोटरी क्लब टोंक की सदस्यता दिलाई गई।

## कैरावाली ढाणी के राजकीय विद्यालय में चोरी,विद्युत मोटर की केबलों को काटकर ले गए चोर,ग्रामीणों में भारी आक्रोश

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय कैरावाली ढाणी चतुर्भुजपुरा में अज्ञात चोरों ने विद्यालय परिसर में लगी विद्युत मोटर की केबल को चुराकर ले गए। चोरी की घटना को लेकर प्रधानाध्यापक अजय चौधरी ने सदर पुलिस थाना में चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि कैरावाली ढाणी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय चौधरी ने मामला दर्ज करवाया है कि विद्यालय परिसर में विद्युत मोटर की करीब 100 मीटर केबल को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। उन्होंने बताया कि विद्यालय में स्मार्ट टीवी, म्यूजिक सिस्टम, स्टार्टर व गैस सिलेंडर सहित कई कीमती सामान रखे हुए हैं। इस प्रकार की घटनाओं से शिक्षकों एवं ग्रामीणों में चोरी होने का भय बना हुआ है। ग्रामीण सूरजकरण, किशन लाल, बाबूलाल, हंसराज एवं सूरजमल व एसएमसी सदस्यों ने बताया कि गांव चतुर्भुजपुरा में चोरों के हौसले बुलंद है जो सरकारी विद्यालयों को निशाना बना रहे है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लागातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस घटना से पहले भी राजकीय प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा उर्फ रोहेड़ा में चोर विद्युत मोटर की केबल को काटकर ले गए थे। उक्त घटनाओं का भी अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने शीघ्र ही चोरों की तलाश करके चोरी किए गए सामान को बरामद करवाने की मांग की है।

## बाल विवाह को लेकर बालिकाओं को किया जागरुक

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान के तहत राजकीय देवनारायण आवासीय विद्यालय युसुफपुरा, टोंक में अध्ययनरत बालिकाओं को बाल विवाह अधिनियम 2006 के मुख्य प्रावधानों के संबंध में अवगत कराया।

जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक नवल खान ने बालिकाओं को बाल विवाह के कारण, दुष्परिणाम, सामाजिक, शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया।

### बड़ा तख्ता जैन मंदिर में सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया

# क्षमा मांगना सरल है लेकिन क्षमा करना कठिन है

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** आचार्य वर्धमानसागर संघ सानिध्य में क्षमावाणी पर्व पर पुण्यार्जक परिवारों द्वारा श्रीजी का अभिषेक ,शांतिधारा हुई। धर्म सभा में आचार्य वर्धमानसागर महाराज ने कहा कि मैं सबको क्षमा करता हूं,जिसने क्रोध का त्याग किया है वही यह कह सकता है ।सभी से क्षमा मांगना सरल है लेकिन क्षमा करना कठिन है क्योंकि अभिमानी व्यक्ति ऐसा नहीं कर सकता है सभी प्राणियों के प्रति मैत्री भाव रहे सबको अपने समान समझना मैत्री भाव है। धर्म छोडऩे,क्षमा छोडऩे से वाद विवाद कोर्ट कचहरी होते हैं ।सभी साधु क्षमा भाव धारण करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज पर राजाखेड़ा में 500 व्यक्तियों ने हमला किया पूर्वाभास कारण संघ कमरे के भीतर होने से सुरक्षित रहा किंतु समाज जनों को चोट आई। पुलिस आने पर हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया किंतु आचार्य श्री शांतिसागर जी ने उसे क्षमा करके पुलिस को यही कहा कि इसे छोड़ दो नहीं तो मैं आहार ग्रहण नहीं करूंगा ।यह आचार्य श्री का क्षमा, समता भाव का उत्कृष्ट उदाहरण हैं । मंगल देशना क्षमावाणी पर्व को आचार्य वर्धमानसागर महाराज ने कहा कि क्षमा वास्तव में किन से मांगना चाहिए सबसे पहले भगवान से क्षमा याचना करना चाहिए कि हम आपकी वाणी का, आपके शास्त्रों का पालन नहीं कर रहे हैं,तीर्थ क्षेत्रों , मंदिरों ,जिनवाणी से क्षमा मांगना चाहिए कि हम आपकी रक्षा नहीं कर रहे है। आचार्य सहित सभी साधुओं से क्षमा याचना करना चाहिए ।इसके बाद वास्तव में जिससे बोलचाल बैर हो उनसे फिर आपस में एक दूसरे से क्षमा मांगना चाहिए तभी यह पर्व सार्थक होगा। क्षमा विश्वशांति का संदेश है राष्ट्र ,समाज ,परिवार, क्षमा के अभाव में बिखर जाते हैं क्योंकि कर्मों के उदय से परिस्थितियों ऐसी उत्पन्न होती है कि एक दूसरे से बैर रखते हैं। प्राचीन मुनियों सुकुमाल मुनि ,सुकौशल मुनि और पांच पांडव मुनिराजो की कहानी के माध्यम से बताया कि पूर्व जन्म के बैरी ने इन पर उपसर्ग किया किंतु इन्होंने समता धारण कर उपसर्ग पर क्षमाभाव रखा। बैर से सुख शांति नहीं मिलती। समाज प्रवक्ता पवन कंटान व विकास जागीरदार के अनुसार 16 उपवासी मुनि श्री ध्येय सागर जी एवं 32 उपवास करने वाली श्राविका श्रीमती बाला तथा लोकेश के 11 उपवास का पारणा हुआ। मंगलवार को आचार्य श्री का आहार समर, संगीता, बाला इंदौर के चौके में हुआ। क्षमावाणी पर्व को वर्ष भर की गई गलतियों की एक दूसरे से क्षमा याचना की तथा श्री जी के भव्य पंचामृत अभिषेक एवं शांतिधारा हुई ।जिसमे दूध ,घी ,केसर ,चंदन सर्व औषधी, नारियल, दाडिम रस, तथा अन्य फलों के रसो से भव्य पंचामृत अभिषेक हुए उसके पश्चात श्रीजी की माला पहनने का सौभाग्य श्रेष्ठी पारस चंद, अनिल, सुनील, विनोद, अभिषेक, दर्श सर्राफ परिवार को मिला ।

## जिला कलक्टर ने किया भ्रमण, जांची व्यवस्थाएं



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने मंगलवार को भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पिंडवाड़ा में उपखंड कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, अन्नपूर्णा रसोई व मोरस बांध का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय में एनएफएसए, कोर्ट प्रगति, पेंशन सत्यापन, रोडा एक्ट, ऑडिट पैरा, कार्यालय भवन व संधारित रिकॉर्ड का अवलोकन कर दिशा-निर्देश दिए। उप पंजीयक कार्यालय में भी ऑडिट, वसूली पालना, लक्ष्य प्राप्ति व राजस्व आय आदि पर निर्देशित किया। शहर में संचालित अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया। यहां साफ-सफाई व भोजन की उच्च गुणवत्ता के संबंध में कार्मिकों को निर्देशित किया। मोरस बांध के ओवरफ्लो व प्रभावित क्षेत्रों के बारे में जानकारी ली।

## भौनावास के राजकीय विद्यालय के छात्रों ने जिला स्तरीय बास्केटबॉल में जीता ब्रॉन्ज मेडल



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भौनावास के विद्यार्थियों ने 69वीं जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता नीमराना स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीरनवास में आयोजित हुई। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक उदय सिंह ने बताया कि 19 वर्षीय वर्ग में विद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों ने विद्यार्थियों को बधाई दी। शिक्षकों ने बताया कि टीम के तीन छात्र - अजय यादव, नैतिक योगी और दीपक योगी - का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। ग्रामवासियों और शिक्षकों ने विजेता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और सफलता से अन्य विद्यार्थी भी प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे।

## गंदे पानी के जलभराव से दुभर हुआ ग्राम बुचारा का जीवन, सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम बुचारा के आम रास्तों पर लंबे समय से गंदे पानी का जलभराव होने से ग्रामीणों का जीवन कठिनाईयों से घिर गया है। रास्ते की बदहाल स्थिति के चलते लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, यहां तक कि रिश्तेदारी और सामाजिक कार्यक्रमों में भी रुकावटें आ रही हैं। इस समस्या के समाधान के लिए टोरड़ा सरपंच प्रेमनाथ महाराज और बुचारा सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपकर 27 किमी. लंबी एमडीआर सडक़ निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग टसकौला सडक़ से टोरड़ा, बुचारा, चांदोडिय़ा होते हुए श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के जुगलपुरा गांव तक जुड़ता है। यह सडक़ मीणा का बास को पावटा और कोटपूतली से जोडऩे वाला महत्वपूर्ण रास्ता है, लेकिन ओवरलोडिंग वाहनों और वर्षों से रखरखाव के अभाव में जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश कुमार महरड़ा और भाजपा नेता प्रेमचंद बलाई, विनोद वर्मा ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को होती है। वहीं, ग्रामीणों ने हर घर नल योजना के तहत शेष बचे इलाकों में पानी के कनेक्शन लगवाने की भी मांग उठाई। उनका कहना है कि ग्राम की अधिकांश आबादी अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से संबंधित है, लेकिन गैर-आबादी क्षेत्रों में अभी तक पेयजल कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। ग्रामीणों ने विधायक से शीघ्र सडक़ निर्माण और पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि समस्याओं से निजात मिल सके और मार्ग सुगम हो। इस दौरान वार्ड पंच श्रवण भगत, देवकरण महरड़ा, हरिसिंह तंवर, शीशराम अधाणा, संजीत वर्मा, रामस्वरूप मीणा, दीपक शर्मा, सुभाष मीणा, संतोष बाकोलिया, मूलचंद धोबी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय 'उज्ज्वल राजस्थान 2.0' प्रदर्शनी आज से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** विजुअल मैथ्स दिल्ली संस्था द्वारा उज्ज्वल राजस्थान 2.0 तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 11 सितंबर से गोवर्धनविलास स्थित होटल इंदर रेजीडेंसी में किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार के मंत्रालयों द्वारा देशहित में किए जा रहे नवाचार कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना और आमजन को इनसे अवगत कराना है।

आयोजक मीतू पॉल ने बताया कि प्रदर्शनी में 50 से अधिक मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों की सहभागिता होगी। इसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा एवं करियर, खेल और स्वास्थ्य, आधार कार्ड कैंप, बंदरगाह और शिपिंग, कोयला और खदानें, पृथ्वी विज्ञान, ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी, जल शक्ति मंत्रालय, पर्यटन, शिक्षा, रसायन एवं उर्वरक, कृषि एवं मृदा प्रबंधन, अवसंरचना विकास, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वाणिज्य एवं वित्त, पर्यावरण और वन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, हस्तशिल्प और रक्षा उत्पादन जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े विभाग शामिल होंगे।

इस आयोजन के माध्यम से आगंतुकों को सरकारी योजनाओं, नवाचारों और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होगी।

### पहले डाल रखा था मलबा और अब रख दी निर्माण सामग्री, नगर परिषद में आयुक्त का पद भी कई महीनों से चल रहा रिक्त

# निर्माण सामग्री से सड़कों पर कब्जा और जिम्मेदार बेफिक्र





बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** शहर के कृष्णापुरी इलाके में मुख्य मार्ग पर निर्माण सामग्री डालने से आवागमन बाधित हो रहा है। पैलेस रोड से कृष्णापुरी क्षेत्र में प्रवेश करते ही एक जगह भवन निर्माण किया जा रहा है। पहले कुछ समय तक खुदाई से निकला मलबा सडक़ के बीच तक पड़ा रहा। अब निर्माण सामग्री बाधा बन रही है। वैसे यह तो एक उदाहरण भर है। शहर के विभिन्न इलाकों में चल रहे निर्माण कार्य इसी तरह नियमों की अवहेलना कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे। नगर परिषद में आयुक्त का पद कई महीनों से रिक्त ही है। माउंट आबू में कार्यरत आयुक्त को अतिरिक्त प्रभार दे रखा है। ऐसे में न तो शहरवासियों के कार्य हो रहे हैं और न राहत मिल रही है।

**भारी समस्या झेल रहे शहरवासी**

शहर के कृष्णापुरी, बक्शावा, अमरनगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सारणेश्वरधाम समेत कई इलाके इस मार्ग से जुड़े हुए हैं। आवागमन का यह मुख्य मार्ग होने से वाहन चालकों को भारी समस्या झेलनी पड़ रही है।

**सडक़ के दोनों साइड डाल दी सामग्री**

आसपास के बाशिंदों ने बताया कि सडक़ के दोनों ओर निर्माण सामग्री डाली हुई है। एक ओर बजरी व कंक्रीट है तो दूसरी ओर सीमेंट के कट्टे रख दिए गए। ऐसे में आमने-सामने से वाहनों को पार होने के लिए एक साइड में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता है।

**फिर भी नकेल कसने में नाकामयाब है**

ऐसा भी नहीं है कि शहर में इस तरह का एक ही मामला हो। निर्माण कार्य स्थलों पर लगभग सभी जगह ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। नगर परिषद के कार्मिक इनकी नकेल कसने में क्यों नाकामयाब है यह तो पता नहीं पर मुख्य मार्गों पर हुए इन अतिक्रमणों से आवागमन करने वाले लोग भारी समस्या में हैं।

## डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** मेवाड़ पूर्व राजपरिवार के सदस्य एवं महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के समसामयिक मुद्दों के साथ-साथ मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात में खासतौर पर बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर गंभीरतापूर्वक वार्ता हुई। डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने राष्ट्रपति को बताया कि मेवाड़ राजघराने ने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने की परंपरा आज से 162 वर्ष पूर्व ही शुरू कर दी थी। महाराणा शंभु सिंह ने वर्ष 1863 में शंभु पाठशाला की स्थापना की थी, जो वर्तमान में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जगदीश चौक, उदयपुर के रूप में संचालित है और इसमें 600 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मेवाड़ राजपरिवार आज भी इस विद्यालय की बेटियों को कंप्यूटर, पुस्तकें और स्टेशनरी उपलब्ध कराने की परंपरा निभा रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, डॉ. लक्ष्यराज सिंह के आमंत्रण पर 3 अक्टूबर 2024 को उदयपुर राजमहल भी पधारी थीं, जहां उनका स्वागत किया गया था।

## नीरजा मोदी स्कूल के वज्रराज सिंह चौहान ने जिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल के उदीयमान मुक्केबाज वज्रराज सिंह चौहान ने सीकर पब्लिक स्कूल, ईसवाल में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



करते हुए 52 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही वज्रराज सिंह आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए क्वालीफाई भी कर चुके हैं। संस्था के चेयरमैन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने वज्रराज सिंह की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि वर्तमान सत्र में विद्यालय के सभी खिलाड़ी विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन खेल उपलब्धियों को देखकर अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित हो रहे हैं। विद्यालय की निदेशिका साक्षी सोजतिया ने भी वज्रराज की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय उदीयमान खिलाडिय़ों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और आगामी राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में इन खिलाडिय़ों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

## जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक द्वारा सामूहिक वंदना एवं क्षमापना का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक द्वारा "सामूहिक वंदना एवं क्षमापना" का भव्य आयोजन किया गया, जिसने धार्मिक और सामाजिक समन्वय का अनूठा संदेश दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षमापना पर्व की महत्ता को जन-जन तक पहुँचाना, समाजजनों को एक सूत्र में जोडऩा और आपसी सौहार्द को प्रगाढ़ बनाना रहा। ग्रुप अध्यक्ष संजय धाकड़ ने बताया कि स्वास्तिक ग्रुप सदैव नए प्रकल्पों के माध्यम से साधार्मिक बंधुओं में वैचारिक समरसता और सामाजिक-आर्थिक मजबूती का कार्य करता आ रहा है। संस्थापक अध्यक्ष धीरज छाजेड़ ने इसे घर-परिवार में बच्चों को जोडऩे और समाज में बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। सचिव पंकज जैन ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक दृष्टि के साथ-साथ सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे समाज में समन्वय, भाईचारा और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार हुआ है। आयोजन संयोजक अंकुर लोढ़ा और राजेंद्र हिंगड़ ने बताया कि हिरनमगरी सेक्टर-4 में आचार्य अभिषेक मुनि जी, सेक्टर-3 में महासाध्वी सुप्रभा जी, सेक्टर-5 में महासाध्वी सूर्यकांता जी, सेक्टर-11 में महासाध्वी प्राची जी एवं महासाध्वी विश्वप्रभा जी के सान्निध्य में सामूहिक क्षमापना और गुरु वंदना का आयोजन हुआ। इसी तरह उदयपुर प्रवासरत अन्य साधु-साध्वियों के यहां भी यह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर अशोक कोठारी, उषा यशवंत तलेसरा, कविता गौरव सुराणा, कौशिक खमेसरा, चंचल धीरज छाजेड़, भावना वीरेंद्र कावडिय़ा, माधवी राजेंद्र हिंगड़, मीनाक्षी अंकुर लोढ़ा, विजया नवीन सुराणा, वैशल्या शशिपाल जैन, शीला कुशल प्रकाश लोढ़ा, सरला राजेंद्र मेहता, सीमा संजय कावडिय़ा, सोनल मनोज पोखरना सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष सुराणा ने कहा कि ऐसा आयोजन धर्म, सामाजिक समन्वय और आध्यात्मिक जागरण का संगम है, जो समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## राकेश बजाज जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट के संरक्षक मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट, मेवाड़, उदयपुर ने श्री राकेश बजाज को ट्रस्ट का संरक्षक मनोनीत किया है। यह ट्रस्ट एक धार्मिक और सेवा-प्रधान संस्था है, जो सामाजिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य संरक्षक, अधिवक्ता निर्मल पंडित भी मौजूद रहे। उन्होंने राकेश बजाज के ट्रस्ट से जुडऩे को संस्था के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और कहा कि उनके अनुभव, सामाजिक जुड़ाव और सेवा भावना से ट्रस्ट के धार्मिक और सामाजिक कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। संस्था के संस्थापक सचिव पं. सत्यनारायण चौबीसा ने औपचारिक रूप से जानकारी साझा करते हुए बताया कि श्री राकेश बजाज की नियुक्ति संस्था की कार्यक्षमता को मजबूत करने और धार्मिक व सामाजिक सरोकारों को व्यापक रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ग्राम बडऩगर के कुलदीप लील का भारतीय थल सेना में कैप्टन पद पर चयन, खुशी की लहर



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के ग्राम बडऩगर के किसान परिवार के कुलदीप लील पुत्र पूरण लील का चयन भारतीय थल सेना में कैप्टन पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे गांव सहित किसान और जवान परिवारों में खुशी का माहौल है। रेलवे से सेवानिवृत्त हवलदार मुरलीधर लील ने बताया कि कुलदीप ने एमबीबीएस करने के बाद थल सेना के मेडिकल विंग की परीक्षा उत्तीर्ण की और कैप्टन पद पर चयनित हुए। परिवार की यह गौरवपूर्ण उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनी है।गौरतलब है कि लील परिवार से पहले भी कई सदस्य देश सेवा में योगदान दे चुके हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल सरदीप लील सेना में सेवाएं दे रहे हैं, जबकि कुलदीप के पिता पूरण लील हवलदार पद से सेवानिवृत्त होकर युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कुलदीप की इस उपलब्धि पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गठाला, जल प्रहरी एवं पर्यावरणविद् दीप सिंह शेखावत, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश ताखर, शिक्षाविद किशन लाल गुरुजी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल सहित कई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी। ग्रामवासियों का कहना है कि कुलदीप ने गांव का नाम रोशन किया है और उनकी सफलता से प्रेरित होकर अन्य युवा भी देश सेवा के लिए आगे बढ़ेंगे। ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए गर्व व्यक्त किया।

## शिक्षक संघ सियाराम पदाधिकारियों ने लौटाया मोबाइल, पेश की ईमानदारी की मिसाल



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उपशाखा के पदाधिकारियों ने ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की। संघ के पदाधिकारी शिक्षक विक्रम बेनीवाल को रास्ते में एक महंगा मोबाइल मिला। मोबाइल फिंगर लॉक होने के कारण मालिक की पहचान नहीं हो सकी। इस पर शिक्षक ने घटना की जानकारी संघ उपशाखा हिंडौन के चुनाव कार्यक्रम के दौरान साझा की और तत्पश्चात कोतवाली हिंडौन में सूचना दी। जांच में पता चला कि मोबाइल राजस्थान पुलिस के हिंडौन कोतवाली थाने में कार्यरत कांस्टेबल अजय पाल सिंह का था। फिंगरप्रिंट से लॉक खुलवाकर पुष्टि होने के बाद शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मोबाइल कांस्टेबल को सौंप दिया। मोबाइल लौटने पर कांस्टेबल अजय पाल सिंह ने सभी शिक्षकों का आभार जताते हुए उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की। रोचक बात यह रही कि प्रायः पुलिस नागरिकों का मोबाइल ढूंढकर लौटाती है, लेकिन इस बार शिक्षकों ने पुलिसकर्मी का मोबाइल ढूंढकर उन्हें सुपुर्द किया।

# बाल विवाह की रोकथाम को ठोस रणनीति बनाने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी समीक्षा के लिए जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के वीसी हॉल में बैठक आयोजित की गई।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल विवाह रोकथाम के लिए केवल कार्यवाही करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनमानस को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना और सामाजिक चेतना का निर्माण करना भी आवश्यक है। स्कूल व कॉलेज में एवं रात्रि चौपालों में जागरूकता कार्यक्रम किए जाने को लेकर भी निर्देशित किया। कहा कि बच्चों व अभिभावकों को यह समझाना जरूरी है कि बाल विवाह न केवल कानूनी अपराध है बल्कि यह बालक-बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास में गंभीर बाधा भी उत्पन्न करता है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेशराय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, उपखण्ड अधिकारी हरिसिंह देवल, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रतन बाफना आदि मौजूद रहे।

**तत्काल हेल्पलाइन पर सूचना दें**

जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थान पर यदि बाल विवाह होने की सूचना मिले तो तत्काल इसकी जानकारी हेल्पलाइन पर देनी चाहिए। इसके लिए चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 व महिला हेल्पलाइन 181 सुचारू है। इससे प्रशासन को शीघ्र हस्तक्षेप करने और बाल विवाह को रोकने में मदद मिलेगी।

**जिलास्तरीय समितियां गठित की**

इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक राजेन्द्रकुमार पुरोहित ने विभाग की ओर से बाल विवाह रोकथाम के लिए संचालित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रशासन और विभाग के संयुक्त प्रयासों से लगातार निगरानी रखी जा रही है। ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक सतर्कता समितियों का गठन किया गया है।

### यह प्रतियोगिता 10 से 14 सितंबर 2025 तक आयोजित होगी

# द बोहरा ग्लोबल स्कूल महुवा की एरोबिक्स गर्ल्स टीम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रवाना

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** द बोहरा ग्लोबल स्कूल, महुवा (राजस्थान) की एरोबिक्स बालिका टीम सीबीएससी नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सोमवार को शिरडी (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 10 से 14 सितंबर 2025 तक आयोजित होगी। विद्यालय की ओर से चयनित टीम में मानसी मीणा, मधु सैनी, दीपिका मीणा, कृतिका मीणा (कप्तान), दीपिका मीणा और अर्पिता शामिल हैं। टीम का नेतृत्व कोच सुरेंद्र सिंह कर रहे हैं, जबकि पद्मा टीम मैनेजर के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगी। रवानगी के अवसर पर विद्यालय निदेशक विनय बोहरा, सह-निदेशक विकास बोहरा, प्रिंसिपल, शिक्षक और विद्यार्थियों ने टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह टीम अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय, राजस्थान और दौसा क्षेत्र का नाम रोशन करेगी।



# जिला कलक्टर आलोक रंजन ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)**। जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज सभी शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से 30 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि औसत निस्तारण समय में सुधार और शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि बढ़ाने के लिए उनसे निरंतर संवाद और परामर्श आवश्यक है। मुख्यमंत्री पोर्टल से प्राप्त प्रकरणों की निगरानी अधिकारी स्वयं करें।

बैठक में बजट घोषणाओं और फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मौसमी बीमारियों की जानकारी लेते हुए सभी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जिले के बरसात भरे बांधों की स्थिति की जानकारी ली और आंगनवाड़ी केंद्रों सहित विभिन्न विभागीय भवनों की मरम्मत प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने चिकित्सा, महिला अधिकारिता और श्रम विभाग को अपने-अपने नवाचारों का विस्तृत नोट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को वर्षा के कारण टूटी सडक़ों और गड्ढों से आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए तुरंत सडक़ मरम्मत कार्य करवाने का आदेश भी दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीमती प्रभा गौतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्यावर जिले में रीट पात्रता प्रमाणपत्र वितरण : 2915 वितरित, 1105 शेष

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। ब्यावर जिले में रीट पात्रता प्रमाणपत्र वितरण कार्य तेज़ी से जारी है। कुल 4020 प्रमाणपत्रों में से अब तक 2915 प्रमाणपत्र अभ्यर्थियों को वितरित किए जा चुके हैं, जबकि 1105 प्रमाणपत्र अभी शेष हैं वितरण कार्य प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर के कक्ष संख्या 44 में किया जा रहा है प्रमाणपत्र वितरण की जिम्मेदारी कनिष्ठ सहायक गोपाल सिंह निभा रहे हैं, जिन्हें रीट पात्रता प्रमाणपत्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## जागरूकता अभियान : ग्रामीणों को पत्थरबाजी रोकने व रेलवे नियमों की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। मुख्यालय के निर्देशानुसार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ब्यावर द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। उप निरीक्षक नरेश कुमार व आरक्षी मदनलाल ने लामाना ग्राम चौपाल एवं पिपलाज पंचायत भवन पर ग्रामीणों को जागरूक किया अभियान के दौरान ग्रामीण सरपंच पुखराज, ग्राम पंचायत एलडीसी ममता सैन एवं डीएफसीसीआईएल निरीक्षक (डेपुटेशन) प्रमिला मीणा भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर ग्रामीणों को समझाया गया कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर नहीं रखें, न ही चलती गाडिय़ों पर पत्थर फेंकें। साथ ही पशुओं व बच्चों को रेलवे ट्रैक के नजदीक नहीं आने देने की हिदायत दी गई।रेलवे सुरक्षा बल ने ग्रामीणों को रेलवे नियमों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए समझाया कि इस प्रकार की लापरवाही से गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी सहयोग का आश्वासन दिया।

## अजमेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक ने लिया ब्यावर आयुष चिकित्सालय का जायजा



बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। आयुर्वेद विभाग अजमेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. शिव सिंह ने श्री चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय एवं जिला आयुष कार्यालय ब्यावर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा, पंचकर्म केंद्र, आंचल प्रसूता केंद्र और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आंचल प्रसूता केंद्र में गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाओं को दी जाने वाली पथ्य सामग्री वितरण पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पारस चौहान, डॉ. नेहा सोनी, सहायक निदेशक डॉ. चंद्र प्रकाश सेन सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## बिजयनगर पुलिस की प्रभावी कार्रवाई : 191 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)**। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा व वृत्ताधिकारी मसूदा सज्जन सिंह आरपीएससी के सुपरविजन में बिजयनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक बोलेरो पिकअप से हरियाणा निर्मित 191 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की और 2 तस्करों को गिरफ्तार कर वाहन भी जब्त किया गिरफ्तार आरोपी सेघा राम (25) व लीलाराम (30) जिला जालोर के निवासी हैं। पुलिस आरोपियों से शराब हरियाणा से लाने और गुजरात ले जाने को लेकर पूछताछ कर रही है।

## अपूर्वा और नंदनी सैन ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया

बढ़ता राजस्थान



पावटा (सुशील कुमार बंसल)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नीमराणा में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीरंदाजी और शतरंज के क्षेत्र में जिले की युवा प्रतिभाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। कोटपूतली बड़ाबास निवासी 14 वर्षीय अपूर्वा सैन, पुत्री पवन कुमार सैन ने तीरंदाजी में अपनी अद्वितीय क्षमता का प्रदर्शन करते हुए रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का स्थान भी सुरक्षित किया। वहीं, उनकी बहन नंदनी सैन, पुत्री पवन कुमार सैन ने शतरंज प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। दोनों बहनों की इस उपलब्धि ने उनके माता-पिता के साथ-साथ पूरे जिले को गर्वित किया।

## जिला कलक्टर 11 सितंबर को पावली में करेंगे रात्रि चौपाल, सोमी कार्यक्रम स्थगित

बढ़ता राजस्थान

चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राशमी उपखण्ड में आयोजित होने वाली रात्रि चौपाल अब सोमी ग्राम पंचायत की बजाय पावली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम ने बताया कि 11 सितंबर (गुरुवार) को जिला कलक्टर पावली ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित करेंगे। इस अवसर पर जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाएगा और त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# उचित मूल्य दुकानों व महिलाओं- बच्चों से संबंधित कानूनों पर बैठक आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, 9 सितंबर**। महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी ने 'संकल्प : दस दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों से जुड़े कानूनों एवं योजनाओं पर एक दिवसीय जिला स्तरीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला एक निजी होटल में आयोजित हुई और इसकी अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने की।

उद्घाटन सत्र में सहायक निदेशक महिला अधिकारिता भैरूप्रकाश नागर ने कार्यशाला का उद्देश्य समाज में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी फैलाना और जागरूकता बढ़ाना बताया। जेंडर विशेषज्ञ विनीता अग्रवाल ने दस दिवसीय अभियान की अब तक की गतिविधियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला के सत्रों में विभिन्न विशेषज्ञों ने महिलाओं और बच्चों से जुड़े कानूनों पर मार्गदर्शन दिया। एडवोकेट प्रिया मिश्रण ने पॉक्सो एक्ट 2012 पर बच्चों की सुरक्षा और रिपोर्टिंग प्रक्रिया समझाई। वन स्टॉप सखी सेंटर की प्रबंधक हिना शर्मा ने घरेलू हिंसा अधिनियम (2005) पर जानकारी दी। लोकेश कुमार जैन ने ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर अपराध और रोकथाम के उपाय बताएं। एक्शनएड एसोसिएशन के जिला समन्वयक जहीर आलम ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ और पॉश अधिनियम के तहत चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। वरिष्ठ सहायक महिला अधिकारिता रविराज मिश्रण ने लाडो प्रोत्साहन योजना, शिक्षा सेतु आदि योजनाओं की जानकारी साझा की। खुले प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न विशेषज्ञों से पूछे और समाधान प्राप्त किया। समापन सत्र में आभार ज्ञापन पर्यवेक्षक प्रमिला ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता, निजी विद्यालय संचालक, अध्यापक, विभागीय अधिकारी और अन्य हितधारक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ग्राम लूणखंदा में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित, 382 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण



बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा (नि.स.)। कनेरा घाटा क्षेत्र के ग्राम विकास समिति लूणखंदा के तत्वाधान में आयुर्वेदिक चिकित्सालय निंबाहेड़ा द्वारा एक दिवसीय आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शुल्क परामर्श, औषधि और काढ़ा वितरण किया गया।

ग्राम विकास समिति के संयोजक और व्याख्याता निर्भय राम धाकड़ ने बताया कि शिविर का शुभारंभ वैद्या मेघा शर्मा, विभाग संयोजक गीता लाल धाकड़, भाजपा कनेरा मंडल अध्यक्ष जुगल किशोर धाकड़ और सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार सालवी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया।

शिविर में मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वास्थ्य सुधार के लिए ग्राम विकास समिति द्वारा तैयार आयुर्वैदिक काढ़ा सभी उपस्थित लोगों को वितरित किया गया। 16 गांवों के कुल 382 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 200 महिलाएं और 182 पुरुष शामिल थे।

चिकित्सकीय टीम में वैद्या मेघा शर्मा, कन्हैया लाल धाकड़, वैद्य हरिओम शर्मा, वैद्या अनीता रावत, वैद्या केसर मेघवाल, वैद्या सुमन, वैद्या ममता कुमावत, वैद्या ज्योति धाकड़ और पप्पू लाल धाकड़ ने अपनी सेवाएं दी। शिविर का आयोजन प्लास्टिक मुक्त किया गया, जिसे टीम और आगंतुकों ने सराहा।

काढ़ा तैयार करने, पंजीकरण, वितरण और शिविर व्यवस्था में ग्राम विकास समिति के सदस्यों सहित ग्राम वासियों ने सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान प्यारचंद धाकड़, सरपंच ग्राम पंचायत कनेरा रामचंद्र मालवीय, सुशील जैन, विष्णु दास बैरागी और प्रचार विभाग के गोपाल धाकड़ भी उपस्थित रहे।

## जन-जागरूकता ही बाल विवाह रोकने का सबसे बड़ा साधन - जिला कलक्टर आलोक रंजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (नि.स.)**। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और संगठनों की सक्रिय भागीदारी से ही बाल विवाह मुक्त राजस्थान की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। जिला कलक्टर ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यशाला-समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए जिलास्तरीय, उपखण्ड स्तरीय, तहसील और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और समाज के पंच-पटेलों से सतत संपर्क बनाए रखें और विवाह संबंधी जानकारी पर नजर रखें। यदि बाल विवाह की आशंका हो, तो समय रहते उच्च अधिकारियों से समन्वय कर उसे रोका जाए। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को भी नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने और बाल विवाह रोकथाम के प्रयासों को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पोर्टल के माध्यम से जिले के सभी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की प्रगति की मॉनिटरिंग की जाएगी और अधिकारियों को संवेदनशील व सक्रिय रहकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग ओमप्रकाश तोषनीवाल ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी और अब तक की गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता, चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

## पालिका क्षेत्र में खराब रोड़ लाइटें बन रही सुरक्षा और सुविधा के लिए खतरा

बढ़ता राजस्थान



पावटा (सुशील कुमार बंसल)। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में कई महीनों से सडक़ लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे शहरवासियों को रात के समय गंभीर सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भौनावास पुलिया से किले तक और मोदी मंदिर से पंचायत समिति क्षेत्र तक कई सडक़ लाइटें खराब होने के कारण वार्डों में अंधेरा छाया रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे का यह माहौल चोरी की घटनाओं और आवारा पशुओं के उत्पात के लिए जोखिम बढ़ा रहा है।

शहरवासियों ने बताया कि पालिका प्रशासन को कई बार शिकायतें देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। पहले लोग पालिका बनने से शहर में व्यापक विकास और स्वच्छता की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन वर्तमान में अधिकारी अपनी मनमर्जी और तानाशाही से कार्य कर रहे हैं। इससे जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

स्थानीय निवासी खासतौर पर भौनावास पुलिया से किला क्षेत्र, चमत्कारी चौराहा से सुभाष चौक व ॥ष्ठस्नष्ट बैंक के आसपास सडक़ लाइटों की खराब स्थिति के कारण रात में घर से निकलने में असुरक्षा महसूस कर रहे हैं।

शहरवासियों की मांग है कि पालिका प्रशासन जल्द से जल्द सभी खराब रोड़ लाइटों की मरम्मत कराए, ताकि सुरक्षा और सुविधा का माहौल बन सके। इसके लिए प्रशासन को शहर के विभिन्न वार्डों में खराब लाइटों की पहचान कर ठोस कदम उठाने होंगे, साथ ही लोगों को भी अपनी समस्याओं को सक्रिय रूप से प्रशासन तक पहुंचाना होगा, जिससे शहर का विकास सुनिश्चित हो सके और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मिलें।

# जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी**। जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय बूंदी और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बूंदी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर नैनवां रोड स्थित होटल शगुन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस तरह के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएँ और सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की खोज करें। उन्होंने नियोक्ताओं से भर्ती नियमों में सहजता बरतने का सुझाव भी दिया। जिला रोजगार अधिकारी भैरू प्रकाश नागर ने बताया कि शिविर में एग्री बिजनेस लिमिटेड बूंदी, जे.डी.एक्स. सिक्योरिटी नोएडा, ऑल इंडिया जॉब सॉल्यूशन कोटा सहित कुल 23 संस्थानों ने भाग लिया। इन संस्थानों ने 156 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन नियोजन हेतु और 119 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन किया। इसके अतिरिक्त, 111 अभ्यर्थियों को स्वरोजगार से संबंधित परामर्श और विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में कुल लगभग 450 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर आईटीआई उपनिदेशक फूलचंद मीणा, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक राजू गुप्ता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी दीपक बाथरा, सूचना सहायक मोहित गुप्ता और लोकेश सैनी, महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक प्रमिला, जेंडर विशेषज्ञ विनीता अग्रवाल, परामर्शदाता सलोनी शर्मा, एक्शन एड जिला समन्वयक जहीर आलम, तथा आईटीआई से हनुमान, विनोद, नवदीप, राकेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला सांख्यिकी अधिकारी सत्यवान शर्मा ने किया। अंत में जिला रोजगार अधिकारी भैरू प्रकाश नागर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नोगामा गांव में जमीन विवाद पर जानलेवा हमला, कांकरोली पुलिस ने पिता व दो पुत्रों को भेजा जेल



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के कांकरोली थाना क्षेत्र के नोगामा गांव में जमीन-बंटवारे के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बड़े भाई और उसके दो बेटों ने छोटे भाई व भाभी पर लाठियों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। अनुसंधान अधिकारी एएसआई जले सिंह ने बताया कि 26 अगस्त को नोगामा निवासी मांगीलाल ने अपने पुत्र जयप्रकाश और घनश्याम के साथ मिलकर छोटे भाई राजेंद्र और उसकी पत्नी जमुना पर हमला किया। आरोपियों ने लाठियों से प्रहार कर राजेंद्र के सिर पर गंभीर चोट पहुंचाई, वहीं जमुना के तीन दांत तोड़ दिए। घटना के बाद घायल पक्ष ने कांकरोली थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपियों को गिरफ्तार कर बुधवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। वहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## 'पीएम स्वनिधि योजना 2030 तक बढ़ी, स्ट्रीट वेंडरों को किस्तों में बढ़ोतरी से मिलेगा लाभ'

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को पुनर्गठित कर वर्ष 2030 तक बढ़ा दिया गया है। इस फैसले से रेहड़ी-पटरी सहित स्ट्रीट वेंडरों को एक बार फिर सीधा लाभ मिलेगा। भुसावर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश मीणा ने बताया कि योजना की किस्तों में 5000 की बढ़ोतरी की गई है, जिससे वेंडरों को पहले से अधिक राशि आसानी से उपलब्ध होगी। योजना प्रभारी प्रदीप गुर्जर ने जानकारी दी कि इस योजना के तहत देशभर में लगभग 1.5 करोड़ रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को कवर किया जाएगा, जिनमें 50 लाख नए लाभार्थी भी शामिल होंगे। योजना के तहत अब पहले चरण का ऋण 10,000 से बढ़ाकर 15,000 कर दिया गया है। इसी प्रकार दूसरी किस्त का ऋण 20,000 से बढ़ाकर 25,000 किया गया है। इसके अलावा, दूसरी किस्त का ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के अंतर्गत डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के लिए खुदरा और थोक खरीद-फरोख्त पर कैशबैक प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य न केवल स्ट्रीट वेंडरों को सस्ता और सरल ऋण उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाना भी है।

## खेत विवाद पर दो पक्षों में मारपीट, हाईवे जाम और पुलिस वाहन पर हमला

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** सदर थाना क्षेत्र के मिलकन गांव में खेत में हुए नुकसान को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्थिति और बिगड़ गई। एक पक्ष के लोगों ने आक्रोश जताते हुए करौली-धौलपुर हाईवे (ह्व॥-11क्च) पर जाम लगा दिया। हाईवे जाम होने से कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। गुस्साए लोगों ने समझाइश के लिए पहुंची पुलिस की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालात बिगड़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने सख्ती बरतते हुए जाम खुलवाया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने घटना में शामिल कई लोगों को हिरासत में लिया है। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए गांव और आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## समर्थ धौलपुर अभियान के तहत नादनपुर में शिविर का आयोजन आज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** जिले में जिला नवाचार के रूप में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी के द्वारा समर्थ धौलपुर अभियान शुरू किया जा रहा है इस अभियान के तहत जिले में 13 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए कृत्रिम अंग। सहायक उपकरण हेतु चिन्हीकरण किया जायेगा। शिविर का आयोजन 10 सितम्बर को राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नादनपुर में प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पेंशन पीपीओ या 1.80 लाख से कम का बार्षिक आय प्रमाण पत्र। वरिष्ठ नागरिकों को दिये जाने वाले यंत्र कान की मशीन, स्टीक, कमर की वैल्ट, घुटने की वैल्ट, मर्वाइकल कौलर, वॉकर, ट्राइपोर्ड, बॉकिंग स्टीक आदि हेतु चिन्हीकरण किया जायेगा। दिव्यांगजनों हेतु आवश्यक दस्तावेज दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पेंशन पीपीओ, फोटो। दिव्यांगजन को दिये जाने वाले यंत्र मोटराईज्ड ट्राई-साइकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर, वैशाखी, वॉकर, ट्राईपोड़, श्रवण यंत्र आदि हेतु चिन्हीकरण किया जायेगा।

## नयापुरा गांव में छह दिन पूर्व हुई अंकिता की संदिग्ध मौत का मामला

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** उपखंड के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र के नया पुरा गांव में 4 सितंबर को 21 वर्षीय नवविवाहिता अंकिता मीना पत्नी ओमप्रकाश मीणा की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई थी। घटना को लेकर ससुराल वालों ने जहां अंकिता द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात कही। वही मृतका के भाई ने पति सहित ससुराल वालो के खिलाफ दहेज के लिए गला घोंटकर मारने का आरोप लगाते हुए सोने का गुर्जा थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसकी जांच बाड़ी सीओ महेंद्र कुमार कर रहे हैं। अब मृतका अंकिता के भाई सुभाष मीणा पुत्र अमर सिंह निवासी पांचोली थाना मंडरायल करौली ने आरोप लगाया है कि अंकिता के निधन के बाद 07 सितंबर को जब वह अस्थि विसर्जन कार्यक्रम के लिए उसके गांव अपने जीजा अमर सिंह के साथ बाइक से जा रहा था तो रास्ते में ससुराल पक्ष के लोगो ने उनको रोक लिया और लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए धमकी दी कि यदि अंकिता की मौत के मामले में राजीनामा नहीं किया तो जान से खत्म कर दिया जाएगा। उक्त घटना से जीजा अमर सिंह और मृतका का भाई सुभाष मीणा बुरी तरह भयभीत है। उनके गवाहों को भी धमकाया जा रहा है। पीडि़त ने घटना को लेकर धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को ज्ञापन दिया है। वही जांच अधिकारी सीओ महेंद्र कुमार को भी घटना से अवगत कराया है। सीओ महेंद्र कुमार और पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

### ग्रामीणों ने की जल देवता की पूजा, उठाई मरम्मत की मांग

# 18 साल बाद चंद्रभागा नदी का पानी पहुंचा फुकीया बांध

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद/भीलवाड़ा।** जिले की सीमा पर स्थित फुकीया चंद्रभागा बांध में मंगलवार को चंद्रभागा नदी का पानी समाहित हो गया। लगभग 18 साल बाद बांध में पानी आने पर आसपास के गांवों फुकीया, झोर, नेगडिया खेड़ा, गोवलिया सहित सैकड़ों ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ बांध स्थल पर पहुंचे और जल देवता की पूजा-अर्चना कर जयकारे लगाए। ग्रामीण महिलाओं-पुरुषों ने खजुरिया श्याम, नीलकंठ महादेव आदि के जयकारों से बांध परिसर को गूंजा दिया। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और जल आगमन को शुभ अवसर मानते हुए अनुष्ठान किए। ग्रामीणों ने इसे प्राकृतिक आशीर्वाद बताते हुए उत्सव जैसा माहौल बनाया। जानकारी के अनुसार, यह बांध राजसमंद का दूसरा सबसे बड़ा मिट्टी का बांध है, जो लगभग सात किलोमीटर की परिधि में फैला हुआ है। इसका जलग्रहण क्षेत्र राजसमंद जिले में है, जबकि पाल (बांध की दीवार) भीलवाड़ा जिले में आती है। करीब 20 वर्ष पहले यह तालाब प्रशासनिक दृष्टि से भीलवाड़ा जिले में दर्ज हो गया था।

लंबे समय से बांध की पाल की देखरेख नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पाल पर जगह-जगह चूहों ने बड़े-बड़े बिल बना रखे हैं, जिससे रिसाव और टूटने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तुरंत मिट्टी डालकर पाल को मजबूत करने तथा बांध की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि जलराशि सुरक्षित रह सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर पाल को ठीक नहीं किया गया तो पानी रिसकर बह सकता है और बांध के टूटने का खतरा भी बढ़ जाएगा। बांध स्थल पर जमा भीड़ ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** भारत सरकार की ओर से जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान - उत्तरदायी शासन कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण मंगलवार को टाइगर वैली रिसॉर्ट, कुंभलगढ़ में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसीईओ डॉ. सुमन अजमेरा, एसडीएम साक्षी पूरी, एससीएफ श्रीकिशन चौधरी सहित पंचायत समितियों के विकास अधिकारी एवं ब्लॉक मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे। जिला कलक्टर हसीजा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है ताकि जनजाति वर्ग के अंतिम पायदान पर बैठे परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से पहुँच सके। सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि यह योजना वर्तमान में जिले के पांच ब्लॉकों के 73 ग्रामों में संचालित है। इनमें कुंभलगढ़ के 28, भीम के 20, खमनोर के 11, देलवाड़ा के 9 और राजसमंद ब्लॉक के 5 ग्राम शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने प्रत्येक ब्लॉक से चुने गए पांच ब्लॉक मास्टर ट्रेनरों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया। आंगन थीम पर सहभागिता बढ़ाने वाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

## छोटे बच्चों से 20 किलो आटे का बोरा ढोवाया वीडियो वायरल, ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिले के मांगरोल क्षेत्र के पूंठ मनिया स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से जबरन श्रम कराने का गंभीर मामला सामने आया है। स्कूल प्रिंसिपल और शिक्षकों के आदेश पर तीन नौनिहालों को एक किलोमीटर दूर से 20 किलो आटे का कट्टा लाने के लिए भेजा गया।
1 सितंबर, 2025 को हुई इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें मासूम बच्चे सिर पर भारी बोरा रखकर लडख़ड़ाते हुए पैदल चलते दिख रहे हैं। राहगीरों ने यह दृश्य कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आते ही ग्रामीणों और अभिभावकों में गुस्सा फूट पड़ा।
ग्रामीणों का कहना है कि इतनी कम उम्र के बच्चों से इस तरह श्रम कराना न सिर्फ अमानवीय है बल्कि बाल श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन भी है। लोगों ने दोषी अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बच्चों का इस तरह शारीरिक और मानसिक शोषण होने से अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से हिचकेंगे। अब शिक्षा विभाग और प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

## मेन बाजार में भीषण आग, रेडीमेड वस्त्रों की दुकान जलकर खाक, पड़ोसी दुकान भी प्रभावित

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय्)।** कस्बे के मेन बाजार में नगर पालिका के पास सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि एक भीषण आगजनी की घटना हुई। रेडीमेड कपड़ों की दुकान में लगी आग ने मिनटों में विकराल रूप ले लिया, जिससे दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया और दुकान धराशायी हो गई। आग की लपटों ने पास स्थित इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया।जानकारी के अनुसार, मनोज अग्रवाल पुत्र रामदयाल अग्रवाल की रेडीमेड वस्त्रों की दुकान में करीब 1.30 बजे अचानक आग लग गई। पड़ोसियों ने धुआं उठता देख तुरंत पुलिस और दुकानदारों को सूचना दी। जैसे ही दुकान का शटर खोला गया, आग की तेज लपटें बाहर निकलीं और आसपास अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि दुकान की पट्टियां टूट गईं, दीवारों में दरार आ गई और शटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही पड़ोसी व्यापारी सतीश अग्रवाल की इलेक्ट्रॉनिक दुकान में भी नुकसान हुआ। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मी पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफल हुए। दमकलकर्मी नवल हरसाना ने बताया कि रेडीमेड कपड़ों की दुकान में कुछ भी शेष नहीं बचा, सारा माल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। व्यापारियों के अनुसार इस आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## साइबर ठगों के मददगार दो युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** पुलिस मुख्यालय जयपुर और उदयपुर रेंज के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राजसमंद साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में शामिल दो म्यूल खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक आमेटा (28) निवासी हाथीनाडा कांकरोली और लविश परियानी (25) निवासी कांकरोली के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि देशभर में हो रही साइबर ठगी की घटनाओं में ठग बड़े पैमाने पर फर्जी और म्यूल खातों का उपयोग कर रहे हैं। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने न केवल अपने नाम से बल्कि 13-14 परिचितों के नाम से भी बैंक खाते खुलवाए। इन खातों को वे साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे, जिनमें ठगी की राशि जमा होती थी। बाद में आरोपी नकद राशि निकालकर सीधे ठगों तक पहुंचाते थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक और पुलिस उप अधीक्षक किशोर सिंह भाटी के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी जांच और मुखबिर तंत्र की मदद से दोनों आरोपियों को दबोचा। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उनके माध्यम से ठगी की कितनी रकम का लेन-देन हुआ और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### नेपाल में हिंसक आंदोलन पर हुई चर्चा

## अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के मुख्य सलाहकार ने नेपाली राजदूत से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप शर्मा ने सोमवार, 9 सितंबर को नई दिल्ली स्थित नेपाली राजदूत आवास पर नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान नेपाल में हाल ही में संसद पर हुए हमले और उसमें 18 युवाओं की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। कुलदीप शर्मा ने नेपाल में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की कार्ययोजना से राजदूत को अवगत कराया। इस दौरान नेपाल में चल रहे हिंसक आंदोलन को समाप्त करने के उपायों पर भी चर्चा हुई। नेपाली राजदूत डॉ. शर्मा ने शर्मा को आमंत्रित करते हुए सुझाव दिया कि मंच का एक प्रतिनिधिमंडल नेपाल जाकर आंदोलनकारी युवाओं से सीधा संवाद करे। इस प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य युवाओं की मांगों को उचित मंच तक पहुँचाना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना होगा।
अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच ने आश्वस्त किया कि वह शीघ्र ही प्रतिनिधिमंडल का गठन कर नेपाल की शांति प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान देगा।

### बाल विवाह रोकथाम पर समीक्षा बैठक

## एडीएम बोले- प्रतिषेध अधिकारी करें अपने कर्तव्यों का पूर्ण निर्वहन


बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और बाल विवाह रोकथाम के लिए मंगलवार को अटल सेवा केंद्र में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। एडीएम मीना ने उपखंड अधिकारियों और बाल विवाह रोकथाम से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि निर्धन परिवारों में बाल विवाह की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में ग्राम सभाओं, नो बैग डे और विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बाल विवाह की हानियों के बारे में जागरूक किया जाए। तहसीलदार, पटवारी और ग्राम विकास अधिकारियों के माध्यम से भी निर्धन परिवारों को इस कुरीति से दूर रहने की समझाइश दी जाए।
उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित करता है तथा समाज के समग्र विकास में बाधा उत्पन्न करता है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी और संस्थाएं बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही लक्षित क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर जनभागीदारी सुनिश्चित करें।
एडीएम ने बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1098, 100 या 181 पर सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। एडीएम मीना ने सभी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचना मिलते ही प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट से तत्काल निषेधाज्ञा जारी करवाई जाए। यदि निषेधाज्ञा के बावजूद विवाह संपन्न होता है तो वह प्रारंभ से ही शून्य माना जाएगा, उसका कोई पंजीकरण नहीं होगा और संबंधितों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत यह अपराध है और इसकी रोकथाम के लिए दंडात्मक कार्यवाही का प्रावधान है। बैठक में उपखंड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा, सहायक निदेशक बाल अधिकारिता एवं बाल संरक्षण इकाई देवेंद्र सिंह जांगल, सीबीईओ महेश कुमार मंगल, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) सुक्खो देवी, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मधु शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025: अलवर शहर को देश में तीसरा स्थान, 25 लाख रुपए की इनामी राशि सहित किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने नई दिल्ली के इंदिरा पर्यावरण भवन में आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 और वेटलैंड शहरों के सम्मान समारोह में अलवर शहर को अपनी श्रेणी में देशभर में तीसरे स्थान पर रहने के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया। अलवर जिला कलक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. आर्तिका शुक्ला और नगर निगम आयुक्त श्री जीतेन्द्र सिंह नरूका को 25 लाख रुपए की इनामी राशि, प्रमाण-पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ का उद्देश्य पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाकर प्रकृति का संरक्षण करना है। उन्होंने देश के 130 शहरों में स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकेप) के माध्यम से किए गए नवाचार और तकनीकी प्रयासों की सराहना की और सामूहिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए एजेन्सियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयास सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने जल और ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और व्यवहार परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए 'आइडियाज फॉर लाइफ' कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की पहल 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे देशवासियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और भारतीय संस्कृति के प्रति जुड़ाव बढ़ा है। इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें 75 करोड़ पौधों को लगाने और 75 नए नगर वन बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

अलवर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में अलवर ने 200 अंकों में 197.6 अंक प्राप्त कर देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि शहर में शासन, प्रशासन और नागरिकों के समन्वित प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हुई है। एनकेप के तहत अब तक अलवर शहर को कुल 24.32 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिसमें से करीब 90 प्रतिशत राशि का उपयोग सडक़ मरम्मत, टाइल कार्य, पौधारोपण, मैकेनिकल स्वीपर से सफाई और कचरा प्रबंधन में किया गया।

नगर निगम आयुक्त जीतेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण का उद्देश्य 130 शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से वायु प्रदूषण कम करना और नागरिकों में जागरूकता पैदा करना है। इस वर्ष 3 लाख से 10 लाख आबादी वाली शहरों की श्रेणी में अलवर तीसरे स्थान पर रहा। प्रथम स्थान अमरावती (महाराष्ट्र) को मिला, जबकि द्वितीय स्थान झांसी और मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के शहरों को साझा किया गया।

समारोह में वार्ड-लेवल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण की गाइडलाइन और विभिन्न शहरों की वायु गुणवत्ता में बेहतरीन प्रयासों का संग्रह भी लॉन्च किया गया। साथ ही, पहली बार वेटलैंड शहर के रूप में इंदौर और उदयपुर को सम्मानित किया गया। समारोह में राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री वीर विक्रम यादव, नगर निगम अलवर के एनकेप विशेषज्ञ श्री योगेश पूनिया सहित कई गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

## गायत्री परिवार ने आदर्श विद्या मंदिर में कन्या-किशोर कौशल शिविर आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर/उदयपुर।** गायत्री परिवार की महिला मंडल एवं प्रज्ञा मंडल शाखा के तत्वावधान में आज 9 सितंबर को आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कन्या-किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सरोज गुप्ता, श्री राधा रमन, श्री देवकीनंदन अग्रवाल और प्रगति पारासर ने भागीदारी की।

श्री राधा रमन ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और ज्ञान परीक्षा के विषय में जानकारी दी, जबकि श्री देवकीनंदन अग्रवाल ने साहित्य के महत्व और उसके ज्ञानवर्धक पहलुओं पर प्रकाश डाला। शिविर में डॉक्टर सरोज गुप्ता एवं प्रगति पारासर ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, योग-व्यायाम, स्मरण शक्ति बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके और 'ॐ'के उच्चारण के लाभों के विषय में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय में अखंड ज्योति, युग निर्माण पत्रिका और पुस्तक मेले का आयोजन 14 नवंबर को किया जाएगा। इसके अलावा, प्रज्ञा अभियान पाक्षिक और गुरुदेव का साहित्य भी विद्यार्थियों को प्रदान किया गया। शिविर के अंतर्गत विद्यालय को पौधारोपण के लिए वृक्ष भी भेंट किए गए। कार्यक्रम में सभी बच्चों को पर्यावरण एवं स्वास्थ्य-संरक्षण संबंधी अनुशासनिक संकल्प दिलाए गए। इसमें पॉलिथीन का प्रयोग न करने, वृक्षारोपण करने, चाय का सेवन न करने, झूठन न छोडऩे, इंटरनेट का सीमित उपयोग करने, फैशन परस्ती से बचने और गायत्री मंत्र को सुबह-शाम तथा भोजन से पहले नियमित रूप से करने जैसे संकल्प शामिल थे।

### 10 दिसम्बर को होगा कार्यक्रम

# प्रस्तावित में प्रवासी राजस्थानी दिवस के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

**शिक्षा, स्वास्थ्य, जल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर प्रवासी राजस्थानी करेंगे संवाद**

**प्रवासी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय राजस्थानी मीट में अधिक से अधिक संख्या में प्रवासी राजस्थानियों की हो सहभागिता - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर) के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य आयोजन से पूर्व आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट और अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट की सघन समीक्षा करते हुए इन आयोजनों में प्रवासी राजस्थानियों की अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवासी राजस्थानी दिवस के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले एक दिवसीय प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान शिक्षा, पर्यटन, उद्योग, स्वास्थ्य एवं जल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सेशन आयोजित होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सेशन के दौरान इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रवासी राजस्थानियों और विशेषज्ञों को जोडऩे की विशेष रूपरेखा बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्रों में शामिल विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निवेश प्राप्त करने के उद्देश्य से नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी की जाए। उन्होंने आयोजन के दौरान पंचगौरव पर लघु फिल्म के प्रदर्शन के भी निर्देश दिए, ताकि प्रवासी राजस्थानी अपने जिले की मिट्टी से जुड़ाव महसूस करें। श्री शर्मा ने अन्य राज्यों में नियुक्त राजस्थान मूल के अधिकारियों से सघन संपर्क स्थापित करने के विशेष निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान एवं उपलब्धि हासिल करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को इस दौरान सम्मानित भी किया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी दिवस से पूर्व राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सितम्बर और अक्टूबर माह में प्रस्तावित हैदराबाद, सूरत और कोलकाता राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट एवं नवंबर माह में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मीट के संबंध में गहन चर्चा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध रूप से इनकी तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर आगामी 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस आयोजित होने जा रहा है।

बैठक में मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के उच्च अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भिवाड़ी में किराए के कमरे में मिला युवक का शव:सिर पर चोट के निशान, हत्या की आशंका



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** भिवाड़ी के यूआईटी थाना अंतर्गत हरचंदपुर गांव की निहाल कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिला। सरकारी स्कूल के पास किराए के कमरे में जितेंद्र राय (28) का शव संदिग्ध हालात में मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सुबह 9 बजे मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कमरे को सील कर दिया। भिवाड़ी डीएसपी कैलाश चौधरी ने बताया-मृतक बिहार के छपरा जिले के सरगति गांव का रहने वाला था। वह दो-तीन महीने पहले भिवाड़ी आया था और मजदूरी करता था। जितेंद्र अकेला रहता था, जबकि उसका परिवार बिहार में है। प्रारंभिक जांच में युवक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा। घटना की जानकारी मिलते ही भिवाड़ी एसपी प्रशांत किरण, एएसपी अतुल साहू और यूआईटी थाना अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रूह्लक्च और फोरेंसिक टीम से साक्ष्य जुटवाए हैं। आसपास के लोगों और कॉलोनी मालिक से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा जाएगा।

## दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** चित्रकूट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से आठ चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गया है। गिरफ्तार आरोपी शातिर वाहन चोर है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी से हुई पूछताछ के बाद उस ने एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी करना स्वीकार किया हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान मीणा ने बताया कि चित्रकूट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर जुझार सिंह उर्फ जस्सी (40) निवासी डबलाना जिला बूंदी हाल आमेर जयपुर गिरफ्तार किया।

## कॉमर्स कॉलेज में विशाल अजगर मिलने से मचा हडक़ंप, डब्लू. आर.आर.सी. टीम ने किया रेस्क्यू



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर के कॉमर्स कॉलेज में मंगलवार सुबह एक विशालकाय अजगर दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। इस समय कॉलेज में सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा चल रही थी, और अभ्यर्थी अपने-अपने बेंचों पर बैठे हुए थे। जानकारी के अनुसार, एक परीक्षार्थी की नजर बेंच के नीचे पड़ी, जहां अजगर कुंडली मारे पड़ा था। जैसे ही उसे देखा गया, अभ्यर्थी घबराकर चीखते हुए भागे और परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर वाइल्डलाइफ रिसर्च एंड रेस्क्यू सेंटर (डब्लू. आर.आर.सी.) के अध्यक्ष विवेक जसाईवाल ने तुरंत टीम को रवाना किया। सूचना मिलने के महज 40 मिनट में टीम ने 10.3 फीट लंबी और 20 किलो वजनी मादा अजगर को सुरक्षित काबू कर लिया। रेस्क्यू की जानकारी रेंजर शंकर सिंह शेखावत को दी गई, और इसके बाद इसे व एक कोबरा को सरिस्का बफर के घने जंगल में छोड़ दिया गया।

टीम के सदस्यों—कपिल, मोहित, अंकित, साजन, अमित, भीम, मयंक, अंकुर, विजय, रोमी और आकाश—ने अधिक बारिश के बावजूद पिछले 5 महीनों में करीब 200 वन्यजीवों को बचाकर आमजन की जान सुरक्षित रखी है। गौरतलब है कि यह टीम पिछले 20 वर्षों से निस्वार्थ भाव से अलवर वासियों की सुरक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सक्रिय है।

## राजगढ़ में 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्रों की क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**(अलवर)।** 69वीं जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता (सॉफ्टबॉल एवं कुश्ती) का आज प्रातः 9 बजे राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 2, राजगढ़ में शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सीमा मीना रहेंगी, जबकि अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना करेंगी।
कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना, तहसीलदार कल्याण सहाय मीना, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, भामाशाह तरुण कुमार पांडेय, पुष्पा विरमानी, लुपिन के स्टेट हेड अनिल गुप्ता और राजस्थान शिक्षक संघ के प्रगतिशील हरिकिशन यादव उपस्थित रहेंगे।

## 18 सितम्बर से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 'गांव चलो अभियान' शुरू

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में 18 सितम्बर से जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर 'गांव चलो अभियान' प्रारम्भ होगा। इस अभियान के तहत सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार को दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र ने बताया कि अभियान के दौरान ग्रामीणों को उनके स्वामित्व कार्ड भौतिक रूप से प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण कराया जाएगा और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता संबंधी कार्य संपन्न किए जाएंगे। अभियान में आईएचएचएल के लिए आवेदन प्राप्त करने और स्वीकृति जारी करने, नवीन स्वीकृत सामुदायिक शौचालयों की स्वीकृतियां जारी करने, पूर्व में बने सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील करने, सोक पिट, मैजिक पिट और लीच पिट की स्वीकृतियां जारी करने जैसे कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा, घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था का भौतिक निरीक्षण और आरआरसी केंद्र हेतु भूमि आवंटन करने जैसे कार्य भी अभियान के दौरान संपन्न होंगे।

## मुस्लिम समुदाय ने बढ़ाया मानवता का संदेश, पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाए

बढ़ता राजस्थान

अलवर (रूपक शर्मा)। हाल ही में पंजाब में आई बाढ़ ने देशभर में मानवीय सहयोग की भावना को उजागर किया। जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर कई समुदायों ने आपदा प्रभावित लोगों की मदद की, जिसमें मुस्लिम समुदाय का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा।

अलवर के बल्लाना गांव के मुस्लिम युवकों ने बाढ़ पीड़ितों के लिए 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली अनाज और एक लाख तेईस हजार रुपये की राहत सामग्री इक_ा कर पंजाब भेजी। वहीं, मुजफ्फरनगर के मुस्लिम ग्रामीणों ने गांव की मस्जिदों और मदरसों में राहत सामग्री संग्रहित कर जमीयत उलेमा-ए-हिंद को सौंपा, जो इसे प्रभावित क्षेत्रों में वितरित करेगा। पानीपत में भी मुस्लिम समाज ने अभियान चलाया, जिसमें मदरसे के बच्चों ने अपने गुल्लक तोडक़र जमा पैसे दान किए। इसके अलावा, जबलपुर तक से मुस्लिम और सिख समुदाय ने मिलकर 26 हजार रुपये इक_ा किए और सिख समुदाय को सौंपे। इस पहल ने न केवल पीड़ितों तक राहत पहुंचाई, बल्कि मानवता और भाईचारे की भावना को भी उजागर किया।

इस आपदा में मुस्लिम समुदाय के युवा हाथ बढ़ाकर अपने धर्म और संस्कृति से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों का संदेश दे रहे हैं, जो आपदा के समय समाज में एकता और सहानुभूति की मिसाल बन रहा है।



**बढ़ती वारदातों से लोगों में आक्रोश, पुलिस पर उठे सवाल**

# भिवाड़ी में बाइक चोरों का आतंक

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** भिवाड़ी में बाइक चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार दोपहर यूआईटी सेक्टर 8, मकान नं. 561 से चंद सेकंडों में एक स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई। चोरी की यह वारदात न केवल इलाके में सनसनी फैला रही है बल्कि पुलिस की नाकामी पर भी सवाल खड़े कर रही है।

पीडि़त दिनेश कुमार मीणा जयपुर निवासी और वर्तमान में चौपानकी, कारेंडा गांव में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वे बीड़ा कार्यालय से बीएलओ की बैठक से लौटकर घर पहुँचे और अपनी बाइक बाहर खड़ी कर खाना बनाने लगे। इसी बीच सुनसान सेक्टर में घूम रहे एक शातिर चोर की नजर बाइक पर पड़ी।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चोर पीली शर्ट पहने हुए है और मास्टर चाबी से बाइक का लॉक तोडक़र कुछ ही सेकंड में बाइक लेकर फरार हो जाता है। वारदात का समय दोपहर 12:26 बजे दर्ज किया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भिवाड़ी में बाइक चोरी अब रोज़मर्रा की घटना बन चुकी है। सुबह बाइक खड़ी करो और शाम तक मिलने की गारंटी भगवान भरोसे, लोग गुस्से में कहते दिखाई दिए। पीडि़त शिक्षक ने पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज कराई है और जल्द कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सवाल यही है—क्या भिवाड़ी सचमुच बाइक चोरों का गढ़ बन चुका है? लोग अब बाइक घर के बाहर नहीं, बल्कि कमरों के अंदर खड़ी करने लगे हैं।

## आईटीआई अलवर में 10 सितम्बर को कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। राजकीय औद्योगिक प्रोद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) अलवर में 10 सितम्बर को कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई के उप निदेशक एवं शिक्षुता सलाहकार श्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

कैम्पस प्लेसमेंट में फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन और मेकैनिकल मोटर व्हीकल के आईटीआई पास आउट बैच 2024-25 के 18 से 27 वर्ष आयुवर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## आर.एफ.सी. ने शुरू की गैर निष्पादित खातों के निस्तारण हेतु एक मुश्त निपटारा योजना

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** राजस्थान वित्त निगम (आर.एफ.सी.) ने वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए गैर निष्पादित खातों के निस्तारण हेतु विशेष एक मुश्त निपटारा योजना 2025-26 की शुरुआत की है। आर.एफ.सी. भिवाड़ी शाखा के शाखा प्रबंधक प्रकाश सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत व्यवसायिक इकाइयाँ अपने पुराने और लंबित खातों का समाधान आसानी से कर सकती हैं।

इस योजना के तहत, इच्छुक इकाई को रू. 11,800 पंजीयन शुल्क जमा कराना होगा तथा बकाया मूलधन का कम से कम 10 प्रतिशत अग्रिम राशि के रूप में जमा करना आवश्यक है। इसके बाद खातों का निस्तारण कम से कम 20 प्रतिशत से अधिकतम 70 प्रतिशत मूलधन राशि प्राप्त कर पूरा ब्याज माफ करते हुए किया जाएगा। इस योजना का लाभ उठाकर व्यवसायिक इकाइयाँ अपने लम्बित ऋ्रण को समाप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होगी।

यह एक मुश्त निपटारा योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं पंजीयन हेतु राजस्थान वित्त निगम (आर.एफ.सी.), भिवाड़ी शाखा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### महाराणा प्रताप एवं ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट समीक्षा बैठक

# महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट एवं ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट से पर्यटन क्षेत्र को मिलेगी नई ऊंचाई - सीएम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, प्राचीन धरोहर तथा जनजातीय संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को वीर योद्धा महाराणा प्रताप के जीवन से परिचित कराने तथा उनके शौर्य की गाथा जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकसित कर रहे हैं। इस सर्किट में महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों जैसे, चावंड, हल्दीघाटी, गोगुंदा, कुंभलगढ़, दिवेर, उदयपुर आदि को सम्मिलित किया जाएगा। जिसके लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट भी 100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। इससे राज्य के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाई मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट तथा ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से हमें हमारी संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा के साथ ही स्वाभिमानपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। हम महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के माध्यम से उनके संदेश को विश्वभर में पहुंचाना चाहते हैं। जिससे इन स्थलों पर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक उनकी वीरता की महान गाथा से परिचित हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्दीघाटी में महाराणा प्रताप के स्वामीभक्त घोड़े चेतक का ऐतिहासिक एवं विशाल स्मारक बनाया जाए। साथ ही, हल्दीघाटी के युद्ध का जीवंत चित्रण पर्यटकों को दिखाने के लिए थ्रीडी तकनीक, लाइट एण्ड साउण्ड शो जैसी आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाए।

शर्मा ने कहा कि चावंड में महाराणा प्रताप का समाधि स्थल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके समाधि स्थल को भव्य रूप में विकसित किया जाए, साथ ही, दिवेर की ऐतिहासिक विजय के प्रतीक के रूप में विजय स्तंभ भी विकसित किया जाए। जिससे यह ऐतिहासिक विजय पर्यटकों की स्मृति में चिरस्थाई बन सके। उन्होंने दिवेर, गोगुंदा तथा चित्तौड़गढ़ में भी प्रताप के जीवन से जुड़े स्थानों पर विभिन्न स्मृति चिन्ह तथा स्मारक आदि विकसित करने के निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान के इतिहास में जनजातीय समुदाय का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। हम जनजातीय संस्कृति तथा वैभव को संरक्षित करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृकुण्डिया सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों को शामिल करते हुए 100 करोड़ रुपये व्यय कर ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत बेणेश्वर धाम तथा मानगढ़ धाम का भी विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेणेश्वर धाम में सोम, माही और जाखम नदी के संगम पर विशाल आदिवासी मेला आयोजित होता है, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग शामिल होते हैं। सरकार यहां स्थित घाटों को नया स्वरूप देकर सुविधाएं विकसित करेगी। इसके साथ ही, बजट घोषणा के अनुरूप जनजातीय नायकों को सम्मान देने के लिए डूंगरपुर में डूंगर बरंडा तथा बांसवाड़ा में बांसिया चारपोटा के स्मारक भी बनाए जाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह लखावत सहित पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा वित्त विभाग के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश में एक जनवरी 2024 से अब तक 42 नवीन न्यायालय खोले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर प्रदेश में नए न्यायालय खोले जाते है। उन्होंने सदन को बताया कि वर्ष 2024 से अब तक प्रदेश में 42 नवीन न्यायालय खोले गए हैं। विधि एवं विधिक कार्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि जिला न्यायालय की दूरी व मुकदमों की संख्या को देखते हुए नवलगढ़ में अपर जिला न्यायालय खोलने पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। इससे पहले विधायक श्री विक्रम सिंह जाखल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में विधि एवं विधिक कार्य मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र नवलगढ में अपर जिला न्यायालय की स्थापना का मामला राजस्थान उच्च न्यायालय की कमेटी द्वारा लंबित प्रकरणों की संख्या को देखते हुये 25 जुलाई 2023 को अस्वीकार कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भविष्य में राजस्थान उच्च न्यायालय से परामर्श, प्रस्ताव प्राप्त होने पर लंबित प्रकरणों की संख्या 1000-1200 होने पर तथा वित्तीय संसाधन की उपलब्धता होने पर नवलगढ़ में अपर जिला न्यायालय की स्थापना करने हेतु राज्य सरकार द्वारा विचार किया जा सकेगा। श्री पटेल ने प्रदेश में एक जनवरी 2024 के बाद स्थापित किये गये नवीन न्यायालयों का विवरण सदन के पटल पर रखा।पशु चिकित्सा संस्था स्तर पर लम्पी स्किन डिजीज से ग्रसित/उपचारित/मृत/रिकवर्ड पशुओं के पशुपालकों का समुचित रिकार्ड (जनआधार कार्ड आदि की सूचना के साथ) संधारित किया जाए ताकि एपिडिमियोलोजिकल स्टडीज आदि हेतु इनका उपयोग किया जा सके। डॉ शर्मा ने मृत पशुओं के शवों के वैज्ञानिक रीति से निस्तारण हेतु विभागीय अधिकारियों द्वारा सम्बन्धित स्थानीय निकाय तथा अन्य स्टेक होल्डर्स विभागों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाने के निर्देश प्रदान किये।

## श्री मंगलेश्वर महादेव मातृकुण्डिया में गंगा आरती के समान आरती करवाने के प्रस्ताव का परीक्षण कराया जा रहा है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि मातृकुण्डिया में बनास नदी के किनारे बने देवस्थान विभाग के राजकीय आत्म निर्भर श्रेणी मंदिर श्री मंगलेश्वर महादेव में बनास नदी के घाट पर गंगा आरती के समान आरती करवाने हेतु प्राप्त प्रस्ताव का परीक्षण कराया जा रहा है। परिक्षण उपरांत गुणावगुण के आधार पर निर्णय लिया जायेगा। देवस्थान मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि बजट 2023-24 के तहत पर्यटन विभाग द्वारा श्री मंगलेश्वर मंदिर, मातृकुण्डिया-चित्तौड़गढ़ में 308.56 लाख रुपए के विकास कार्य करवाए जा रहे है। इस सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को भी शामिल किया जायेगा। इससे पहले विधायक श्री अर्जुन लाल जीनगर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में देवस्थान मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र कपासन के मातृकुण्डिया के विकास हेतु विगत पांच वर्षों में देवस्थान विभाग के राजकीय आत्म निर्भर श्रेणी मंदिर श्री मंगलेश्वर महादेव मातृकुण्डिया में साधारण मरम्मत के लिये वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा के तहत मंदिर पर देवस्थान विभाग द्वारा 89 हजार 329 रुपए व्यय किये जाकर साधारण मरम्मत व रंग रोगन का कार्य करवाया गया। उन्होंने बताया कि बजट 2025-26 में राज्य के आदिवासी बाहुल्य जिलों में स्थित ऐतिहासिक, धार्मिक तथा इको-टूरिज्म साइट्स- त्रिपुरा सुंदरी, मानगढ़ धाम, बेणेश्वर धाम, सीतामाता अभ्यारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृकुण्डिया आदि को सम्मिलित करते हुए 100 करोड़ रुपये व्यय कर ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किये जाने की घोषणा की गई है।

## गगनयान परियोजना में अब तक 7,700 परीक्षण पूरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इसरो प्रमुख ने बताया कि मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' परियोजना के तहत अब तक 7,700 से अधिक जमीनी परीक्षण पूरे किए जा चुके हैं और आगामी मानव अंतरिक्ष उड़ान से पहले 2,300 परीक्षण और किए जाएंगे। 'गगनयान' मिशन के तहत इसरो बिना चालक दल वाले तीन मिशन संचालित करेगा, इसके बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे। 'गगनयान' परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों के संचालन के लिए भी अनुमोदन मिल चुका है। प्रधानमंत्री ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर उतारने का लक्ष्य सौंपा है।

### प्रधानमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों से की मुलाकात

# PM का लोगों की मदद के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़/शिमला (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण के बाद पूरे क्षेत्र और उसके लोगों की मदद के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घरों का पुनर्निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत, स्कूलों का पुनर्निर्माण, पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) के माध्यम से राहत प्रदान करना और पशुधन के लिए 'मिनी किट' वितरित करना जैसे उपाय शामिल होंगे। पीएम मोदी ने पंजाब में गुरदासपुर में बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ-साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल



(एसडीआरएफ) की टीम से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरदासपुर में अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक आधिकारिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए राहत एवं पुनर्वास उपायों की समीक्षा की तथा पंजाब में हुए नुकसान का आकलन किया। बैठक में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, पंजाब के राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां भी मौजूद थे। उन्होंने पंजाब के उन परिवारों से भी मुलाकात की जो आपदाओं और बाढ़ से प्रभावित हुए तथा उन सभी लोगों के साथ अपनी पूरी एकजुटता व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया।

### माता-पिता को खोने वाली नीतिका को मिली पीएम मोदी की गोद

हिमाचल प्रदेश के दौरे के दौरान कांगड़ा में प्रधानमंत्री मोदी ने 11 महीने की नीतिका को गोद में लिया तो गमगीन माहौल था। नीतिका ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने की घटना में अपने माता-पिता को खो दिया था। कांगड़ा में प्रधानमंत्री की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई जिसमें वह बच्ची को गोद में लिए हुए हैं। मोदी ने बच्ची दुलराया और उसे टॉफी दी। तीस जून को परवारा पंचायत के तलवाड़ा गांव में बादल फटने के बाद, नीतिका के पिता 31 वर्षीय रमेश कुमार घर में पानी घुसने से रोकने के लिए बाहर गए थे।

### 400 वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे कार्य किया - वी. नारायणन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने मंगलवार को बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए 400 से अधिक वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया।




### गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म शिक्षा ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम

# सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति ने दुनिया को बहुत कुछ दिया: राज्यपाल बागडे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि शिक्षा व संस्कृति से ही संस्कारों का निर्माण होता है। अच्छे संस्कारों से राष्ट्र के अच्छे नागरिक बनते हैं। सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है। बागडे सोमवार को श्री गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म शिक्षा ट्रस्ट के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित शिक्षा अमृत महोत्सव-शताब्दी की ओर से आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टिकाऊ समाज के निर्माण में सभी की भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि साक्षरता मौलिक अधिकार है। भारतीय संस्कृति, शिक्षा का समर्पण जीवन को उत्कृष्ट बनाती है। राष्ट्र का निर्माण प्राकृतिक संसाधनों से नहीं, मानव संसाधनों से होता है। इसके लिये शिक्षा एक जरूरी कदम है। राज्यपाल ने कहा कि हिन्दू धर्म में वसुधैव कुटुम्बकम् में विश्वास रखने की भावना है। हम लोग पूरे विश्व का कल्याण चाहते हैं। यही सनातन धर्म है। भारत ने कभी किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया और न ही किसी दूसरे धर्म को कम आंकने या निंदा करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए। जैसा सोचोगे, वैसा ही बनोगे की अवधारणा होनी चाहिए। विद्यार्थियों में एकाग्रता बहुत जरूरी है। हमारे युवा प्रतिभाशाली बनें, इसके लिये एकाग्रता पर जोर देते हुए उन्होंने महाभारत में अर्जुन ने जिस प्रकार निशाना लगाया, का उदाहरण दिया। बागडे ने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता के विकास के साथ-साथ संस्कारवान व गुणवान बनाये। उन्होंने बताया कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में सौरमण्डल सहित खगोलीय घटनाओं का उल्लेख मिलता है, जो एकदम सटीक निकलता है। हिन्दुस्तान की प्राचीनतम संस्कृति ने दुनिया को बहुत कुछ सिखाया है। गंगानगर विधायक व श्री गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री जयदीप बिहाणी ने राज्यपाल श्री बागडे को सम्मान पत्र पढ़कर भेंट किया। कार्यक्रम में बिहाणी ट्रस्ट में योगदान देने वाले शिक्षाविदों, कार्मिकों को सम्मानित किया गया। वहीं पर शिक्षा, खेल व अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रकार की 6 प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान, प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 095), टॉक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7733000123), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार